# PUBLIC AWARENESS FOR HEALTHFUL APPROACH FOR LIVING (PAHAL)

## Activity Report Year April 2015 – March 16


**Regd. Office**

**L.S. Institute, Nema Place**
**Dr. K K Sharan Lane**
**Exhibition Road, Patna – 800001**
**Tele-fax: 0612-2206964**
**Email: diwakartejaswi@gmail.com**
**www.pahalhealth.com**



Regd. No. 1699 (Under Societies Regd. Act 1860, IG Registration, Bihar)
*Regd. u/s 12A & 80G/FCRA*

## INTRODUCTION

**Public Awareness for healthful Approach for Living (PAHAL)** is a Patna, Bihar, India based recently registered non – profit organization working towards improving the health of the poorest people in Bihar, through health and developmental programs. We are a newly established multidisciplinary team who has been working in Bihar with expertise in the areas of public health, clinical medicine, health programmes and policy development, rural development and empowerment of the disenfranchised.

The global response to the HIV epidemic has thus far rightly targeted high-prevalence regions of India for the past twenty years. As the epidemic has recently abated, new epicenters have been identified and have emerged for the spread of the virus. Due to the prevalence of several high-risk indicators, including wide-spread poverty, low economic growth, low literacy rates, dense population and high migration, the HIV epidemic is arising in the state of Bihar.

In response to this growing crisis, PAHAL is organizing HIV AIDS awareness camp and programmes along with general health camps in different parts of Bihar by itself and through its network partners. Our AIDS prevention programs effectively build awareness and bring about behavior modification in the at-risk public because they are sensitive to local culture.

Our focus areas:

- **Environmental Health :** Prevention and control of water-borne diseases by providing resources for water and sanitation, health and hygiene, education and training of women in the use of Oral Rehydration Therapy (ORT)

- **Maternal and Child Health:** Vaccinations for children and mother, maternal health care including family planning and reproductive health services, and the training of new health care workers.

- **Empowerment of women:** Education and vocational training. Vocational training was added in order to further empower the women and encourage them to assume leadership roles in their community.

- **Adolescent Reproductive Health (ARH):** To improve the demographic and reproductive health status of the community by changing the reproductive and sexual behavior of young adults both married and unmarried in the age group 12-25 years.

- **Hepatitis B Awareness Programme:** To make the community aware about Hepatitis B, through awareness programme.

- **Literacy Program:** To make the underprivileged resident of Village Bir, a Leela Prasad Memorial Literacy Centre was established by PAHAL at Bir.

# Board Members of PAHAL

***President:***



Dr. Himanshu Roy, MBBS, MD (Infertility Specialist)

***Secretary & Medical Director:***



Dr. Diwakar Tejaswi, MBBS, MCH, FCCP, Ph.D
(Consultant Physician)

***Treasurer:***



Sri Anand Dwivedi - Senior Bank Officer

***Executive Members:***



Sri Rakesh Dubey -Senior Police Officer



Dr. Jyoti Ranjan Pandey - M.B.B.S., MD (Consultant Physician)



Dr. Alok Abhijit – M.B.B.S., MS (Laparoscopic Surgeon)



Sri Santosh Kumar - Self Business

***Patron:***



Mr. Sandeep Sinha – Ex. Director Business Development, Motorola, WA



Mr. Raj Shukla –(Business), Columbia, Maryland, USA

***Advisors:***



Mr. Raja Uttam Kumar – EX. Vice President, MGL Americas Inc., CA, USA



Mr. Vibhakar Yashaswi– B Tech (IIT Delhi), MBA (Florida State University)



Mr. Sudhakar Tapaswi– B Tech (IIT Kanpur), MBA (Melbourne Business School)



Dr. (Mrs.) Kiran Sharan, MBBS, MD DCH, Child Specialist





# Ongoing Programmes

- **Health Awareness and Screening Camps**- We are organising health awareness and screening camp on regular basis at the various places in Patna and adjacent (Rural places) including schools, colleges, slums etc., to serve the community. We provide screening of HIV, Hepatitis B and C, Heart Disease, Oral Cancer, Asthma, Blood Pressure, Diabetes, Body Mass Index (BMI), Bone Mineral Density (BMD) etc.

- **HIV/AIDS Awareness and Training programme**- We provide training on HIV/AIDS to nursing staff and lab technician. To make the general people and students of schools and colleges aware about HIV/AIDS, we conduct such awareness programme at school and college premises and among the truckers, migrants and villagers. We focus to remove the stigma and discrimination prevailing in our society.

- **Free Hearing Aid and free Ear Operation to Hearing Impaired poor person**- We organize screening camp for hearing impaired and provide free hearing aid and free ear operation to 10 to 15 selected hearing impaired poor persons every year.

- **Gyanshree Scholarship Scheme**- Under the scholarship scheme, PAHAL provides the partial financial support to the fourteen selected poor students of the community for their primary education.

- **Healthy Baby Show**- PAHAL organises the healthy baby show time to time, to make the mother aware about the baby's health and hygiene and also focuses on the benefit of the breast feed.

- **PAHAL Honour the good deed done in the field of HIV** - PAHAL honoured the women living with HIV/AIDS for their good deeds in the society. PAHAL also honoured the doctors who have done the surgery of a pregnant HIV positive woman.

- **Blood Donation**- PAHAL organises Voluntary Blood Donation Camp to serve the people.

- **Nukkad Natak**- PAHAL tries to spread awareness about the different health issues with the help of Nukkad Natak. It is the way to spread the message to masses.

- **Health and Literacy Center**- PAHAL established Leela Prasad Memorial health and literacy centre at village Bir. It is basically established to make the poor women and girls of village literate and also make them aware about health and hygiene related issues.

- **Free Distribution of Medicine** - Free distribution of anti TB and other medicines to the poor and also during calamities like flood.

## Health Awareness Camp, Patna (2nd April 2015)

Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL spoke on Secrets of Long Healthy Life and importance of Massage Therapy for many of the ailments affecting the common man. Not only does this provide relief to various body related pain including heart, chest, brain, skin etc, the therapy is also cost effective and benefits new born babies. The gathering was made aware of the various benefits and different techniques of massage therapy and physiotherapy available.

दैनिक भास्कर | पटना, शुक्रवार, 3 अप्रैल, 2015

# थेरेपी से बच्चों को मेन स्ट्रीम में लाने में काफी सफलता

हेल्थ रिपोर्टर। पटना

ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे की जानकारी बचपन में ही मिल जाती है। इस बीमारी से पीड़ित बच्चे सामान्य बच्चों की तरह व्यवहार नहीं करते। उन्हें पढ़ने या कुछ सीखने में दिक्कत होती है या फिर देर होती है। मुख्य रूप से ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे अकेले में रहना पसंद करते हैं। दूसरे बच्चों के साथ मिलना पसंद नहीं करते। सामान्य बच्चों से इनका व्यवहार भी अलग होता है। इसलिए बच्चों के अकेले में नहीं छोड़ना चाहिए। अभिभावक को छोटे पर बच्चों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। यदि बच्चे में इस तरह के कुछ लक्षण दिखे तो चिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए। यह कहना पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी का। वे वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे पर दैनिक भास्कर से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वैसे भी ऑटिज्म का इलाज नहीं है। इस पर रिसर्च चल रही है। इस बीमारी से पीड़ित बच्चों का सामान्य बच्चों की तरह ब्रेन डेवलप नहीं होता।

इसमें थेरेपी से बच्चों को मेन स्ट्रीम लाने में काफी हद तक सफलता मिलती है। ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के लिए देश में सोसाइटी भी बनी हुई है। जहां इस तरह के बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाता है। वैसे ये सोसाइटी बड़े शहरों में हैं। गुड़गांव और दिल्ली में संस्थाएं हैं। उन्होंने बताया कि दो से तीन साल के बीच ही इस बीमारी की जानकारी मिल जाती है। अभी तक जांच से पता चला है उससे साबित होता है कि जेनेटिक, इनावयरमेंटल और न्यूट्रीशनल इसके कारण हो सकते हैं। अमेरिका में सबसे अधिक बच्चे ऑटिज्म से पीड़ित है। भारत में भी इस बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ी तो मरीज भी मिलने लगे हैं। भारत में करीब 15 मिलियन लोग ऑटिज्म से पीड़ित हैं। हालांकि, यह आंकड़ा विदेशों से काफी कम है। छोटे बच्चों पर विशेष ध्यान देने पर इस बीमारी की जानकारी मिल जाती है।



वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे पर निकाली गई रैली।

## Summer Health Awareness Camp on eve of World Health Day (6th April 2015)

Health Awareness camp was organized under the banner of PAHAL at Dr. Diwakar Tejaswi Clinic, Exhibition Road, Patna. Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL spoke on how to take care of the body to prevent dehydration and related complications of heat stroke. He specified on taking precautions from moving out in direct sunlight and heat during daytime and to keep drinking ORS to replenish the lost eletrolytes in order to keep fit during the excessive heat conditions in the state.

दैनिक भास्कर | पटना, मंगलवार, 7 अप्रैल, 2015

गर्मी में वायरल बुखार, चिकेन पॉक्स, खांसी एवं दमा की शिकायत बढ़ जाती है

# एहतियात: बदलते मौसम में न होने दें शरीर में पानी की कमी

सिटी रिपोर्टर | पटना

रात में हल्की ठंड तो दिन में गर्मी, अचानक बारिश तो तुरंत कड़ी धूप। मौसम में बदलाव का सबसे ज्यादा प्रभाव हमारे शरीर पर पड़ता है। इसलिए ऐसे मौसम में खाली पेट बाहर नहीं निकलना चाहिए। कोशिश करें कि शरीर में पानी की कमी न हो। यह बात पहल के निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने कही।

उन्होंने कहा कि गर्मी में दस्त-शूल के साथ वायरल बुखार, चिकेन पॉक्स, पीलिया, टाईफाइड, सर्दी, खांसी एवं दमा की शिकायत बढ़ जाती है। दस्त एवं शूल तथा अधिक पसीना निकलने से शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी हो सकती है, जिससे कमजोरी एवं पेट दर्द भी होने लगता है। इससे बचने के लिए धूप में बाहर निकलने से पहले पेट भरा होना चाहिए एवं छाते का प्रयोग करना चाहिए। हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने चाहिए। शरीर में लवण एवं पानी की कमी से होंठ व मुंह सूखते हैं, अधिक प्यास लगती है, आंखों में सूखापन महसूस होता है, बेचैनी होने लगती है, पेशाब में जलन के साथ पेशाब कम मात्रा में बनने लगता है, त्वचा भी रूखी हो जाती है। अगर ऐसे लक्षण दिखाई दें तो यह स्थिति आगे चलकर डायरिया में बदल सकती है।

डॉ. तेजस्वी ने कहा कि ऐसी स्थिति में ओआरएस का घोल पीने से आराम मिलता है। ओआरएस उपलब्ध नहीं होने पर एक लीटर पानी में 5 ग्राम नमक व 20 ग्राम चीनी का मिश्रण भी उपयोग में लाया जा सकता है। इस मौसम में रसदार फल तरबूज, खरबूज, मौसमी, नारंगी व नारियल पानी का सेवन करना चाहिए।

इस मौसम में बच्चों में टाईफाइड, हेपेटाइटिस ए, फ्लू, चिकेन पॉक्स की शिकायत बढ़ जाती है। इससे बचने के लिए अभिभावक बच्चे को इसका टीका जरूर लगवाना चाहिए।

**Free Hepatitis - C Testing and Awareness Camp, Patna (7th April 2015):** Hepatitis C Testing and awareness camp was organized under the banner of PAHAL at Dr. Diwakar Tejaswi Clinic, Exhibition Road, Patna. Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL talked about the prevention and precaution of Hepatitis. Altogether 55 persons were tested free for Hepatitis C in the camp.

दैनिक जागरण पटना, 8 अप्रैल 2015

### अब हेपेटाइटिस-सी का इलाज काफी आसान : डॉ. दिवाकर

पटना : विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पब्लिक अवेयरनेस फार हेल्थफुल एप्रोच फार लिविंग (पहल) के तत्वावधान में राजधानी में जागरूकता शिविर आयोजित की गई। शिविर में राजधानी के कोने-कोने से आए लोगों स्वास्थ्य की जांच कराई। इस अवसर पर पहल के निदेशक डॉ.दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि अब हेपेटाइटिस-सी का इलाज काफी आसान हो गया है। इसके लिए कई नई दवाएं विकसित की गई हैं। उन्होंने कहा कि हेपेटाइटिस-बी की बीमारी वायरस के संक्रमण से होती है। हेपेटाइटिस के संक्रमित व्यक्ति के रक्त के सम्पर्क में आने पर दूसरे व्यक्ति को भी बीमारी हो सकती है।

THE TELEGRAPH WEDNESDAY 8 APRIL 2015

### Expert advice on Hepatitis C

Public Awareness for Healthful Approach for Living (Pahal) organised a health camp on the World Health Day.

Around 55 people were tested for Hepatitis C at physician Diwakar Tejaswi's clinic for free. None of the persons tested positive though. Pahal medical director Tejaswi talked about two new medicines for Hepatitis C, which were launched this year — sofosbuvir and simeprevir. "Earlier, these medicines were available in US only. Both the medicines are available at a very high rate in US. In India, people can get it at a subsidised rate. The manufacturing company of these drugs has signed an agreement with four Indian generic drug manufacturing companies for this," he said.



**Dr Diwakar Tajaswi checks up a resident at the camp on Tuesday.** Picture by Ashok Sinha

Talking about Hepatitis C, Tejaswi said: "It is a type of liver disease that is more dangerous than Hepatitis B. This can spread through blood transfusion, using contaminated syringes, razors and sexual intercourse."

*FARYAL RUMI, SHUCHISMITA CHAKRABORTY AND NISHANT SINHA*

* THE TIMES OF INDIA, PATNA WEDNESDAY, APRIL 8, 2015

**World Health Day:** Sukh Sansar, a voluntary organization, organized an awareness camp on 'Food Safety' at Buddha Colony on the occasion of World Health Day on Tuesday. Dr D Kumar, while addressing the audience, said more than 200 diseases are spread through food and millions of people fall ill every year, and many die as a result of eating unhygienic food. IMA had a discussion over food safety. PMCH organized a medical education programme on the occasion. A free Heptatis-C investigation camp was held at Dr Diwakar Tejaswi's clinic.

DB स्टार PATNA, WEDNESDAY, 08/04/2015

### शिविर में 55 के स्वास्थ्य की जांच

**पटना।** एग्जीबिशन रोड स्थित डॉ. दिवाकर तेजस्वी क्लिनिक में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. तेजस्वी ने लोगों को हेपेटाइटिस-सी से होनेवाली बीमारियों एवं उसके बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हेपेटाइटिस-सी के लक्षण हैं- भूख की कमी, उल्टी होना, बार-बार मिचली आना, पेशाब का रंग बदल जाना। अगर ऐसे लक्षण आपको दिखें तो फौरन अपने चिकित्सक से परामर्श लें। क्योंकि हो सकता है कि ये हेपेटाइटिस-सी हो, जिससे आगे चलकर गंभीर बीमारी के अलावा लीवर संबंधी अन्य बीमारियां हो सकती हैं। इस स्वास्थ्य शिविर में 55 लोगों की स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर डॉ. अश्विनी कुमार, डॉ. किरण सिन्हा, पवन कुमार व सुमन कुमार मौजूद थे।

i next, Patna , 8 April 2015

### हेल्थ डे पर हेपेटाइटिस जागरूकता शिविर

**PATNA:** वर्ल्ड हेल्थ डे पर पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एप्रोच फॉर लिविंग की ओर से हेपेटाइटिस-सी जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. इस मौके पर पहल के चिकित्सा निदेशक एवं फिजिशियन डॉ दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि हेपटाइटिस सी का आसान इलाज अब संभव हो गया है.

**Free Bone Mineral Density (BMD) and Body Mass Index (BMI) Testing Camp, Patna (16th April 2015):** PAHAL organized free BMD and BMI camp at Dr. Diwakar Tejaswi Clinic Exhibition Road, Patna. Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL, in his awareness talk explained the different bone related issues caused due to deficiency of calcium and Vit D3 and also how obesity is becoming threat to healthy life. About 100 persons were tested free in the camp.

दैनिक भास्कर

पटना, शुक्रवार, 17 अप्रैल, 2015

**हड्डी व मोटापे की जांच के लिए निःशुल्क शिविर**

**पटना**|पहल की ओर से गुरुवार को निःशुल्क हड्डी व मोटापा जांच शिविर लगाया गया। संस्था के निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि आज देश में 40 वर्ष से ज्यादा आयु की 34 प्रतिशत महिलाएं औसटियोपेनियां एवं 8 प्रतिशत महिलाएं औसटियोंपोर की समस्या से पीड़ित हैं।

प्रभात खबर

पटना, शुक्रवार, 17 अप्रैल, 2015

www.prabhatkhabar.com

**जांच शिविर :** पहल की ओर से हड्डी व मोटापा जांच शिविर डॉ दिवाकर तेजस्वी की क्लिनिक पर लगा. डॉ तेजस्वी ने हड्डी की कमजोरी के बारे बताया.

**Free Blood Sugar Testing Camp, Patna (21st April 2015):** PAHAL organized free Blood Sugar and Blood Pressure Testing camp at Exhibition road, Patna. Dr Diwakar Tejaswi, in his awareness talk explained the danger of high Blood Sugar and high Blood Pressure. He also explained how to keep one healthy and what precautions should be taken to maintain normal Blood Sugar and Blood Pressure. About 100 persons were tested free in the camp and also free medicines were given to the patients. He also stressed on the linkage between high blood sugar and Tuberculosis.

राष्ट्रीय सहारा पटना। बुधवार 22 अप्रैल 2015

**मधुमेह पर करें कंट्रोल अन्यथा टीबी की आशंका**

पटना। अनियंत्रित मधुमेह रोगी टीबी से ग्रस्त हो सकते हैं। 'पहल' के तत्वावधान में मंगलवार को आयोजित निःशुल्क मधुमेह जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम में वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि मधुमेह रोगियों को खान-पान और व्यायाम पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. किरण शरण ने कहा कि जिनके माता-पिता, चाचा-चाची, दादा-दादी, नाना-नानी को मधुमेह की शिकायत हो तो वैसे लोगों को विशेष सतर्क रहने की जरूरत है। किसी व्यक्ति को कमजोरी लगती हो, बार बार प्यास लगती हो, पैरों में दर्द होता हो, घाव जल्दी नहीं भरे तो रक्त में चीनी की जांच करानी चाहिए। शिविर में सौ लोगों की जांच की गई, जिनमें 15 लोगों में मधुमेह पाया गया।

DB स्टार PATNA, WEDNESDAY, 22/04/2015

**अनियंत्रित मधुमेह से टीबी होने की आशंका अधिक**



मधुमेह की जांच करते डॉ. दिवाकर तेजस्वी।

डीबी स्टार » पटना

**पब्लिक** अवेयरनेस फॉर लिविंग के तत्वावधान में निःशुल्क मधुमेह जांच एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को एग्जीबिशन रोड के निमा पैलेस में किया गया। इसमें डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि अनियंत्रित मधुमेह वाले रोगियों में टीबी की आशंका अधिक होती है। हमें शारीरिक परिश्रम एवं खान-पान पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच करानी चाहिए। इस मौके पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. शरण ने बताया कि जिनके करीबी रिश्तेदारों में जैसे माता-पिता, चाचा-चाची में मधुमेह की शिकायत है, तो उन्हें सतर्क रहने की जरूरत है। यदि कमजोरी लग रही हो, बार-बार पेशाब होता हो, अत्यधिक प्यास लगती हो, पैरों में दर्द हो रहा हो तो उन्हें रक्त में चीनी की जांच अवश्य करा लेनी चाहिए। किडनी संबंधी बीमारियों का एक बड़ा और प्रमुख कारण अनियंत्रित मधुमेह ही है।

**May 2, 2015- Public awareness is needed on misleading advertisements- PAHAL organized an awareness programme against misleading advertisements that are detrimental to health and creates confusion among Indian People. These advertisements don't have any proved scientic findings.**

प्रभात खबर

पटना, रविवार, 3 मई, 2015

www.prabhatkhabar.com

## दिव्य फार्मेसी का पुत्र जीवक कर रहा भ्रमित

**पटना.** पहल के चिकित्सा निदेशक व वरिष्ठ फिजिशयन डॉ दिवाकर तेजस्वी ने बाबा रामदेव की कंपनी दिव्य फार्मेसी द्वारा बेचे जा रहे पुत्र जीवक बीज को लोगों को भ्रमित करने वाला बताया. उन्होंने कहा कि ऐसी कोई भी दवा नहीं है, जो लोगों में पुत्र या पुत्री होने में विभेद पैदा कर सके.

**<u>6 May 2015- PAHAL's Protest at Kargil Chowk against Doctor's Kidnapping – PAHAL organized silent peaceful protest against kidnapping and ranson demands against Doctor's and other sections of society.</u>**

दैनिक भास्कर, पटना, गुरुवार, 7 मई, 2015

## सांकेतिक अनशन किया

पटना|पहल के निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने सर्जन डॉ. आरबी चौधरी की हत्या और डॉ. पंकज गुप्ता व उनकी पत्नी के अपहरण के खिलाफ करगिल चौक पर एक दिवसीय सांकेतिक अनशन किया। उन्होंने डॉक्टर दंपती की सकुशल रिहाई पर प्रशासन व सरकार को धन्यवाद भी दिया है। मौके पर डॉ. किरण शरण, केके शरण, जियाउल हक, अशोक वर्मा, ज्योति कुमार, धनंजय सिन्हा, पवन साव, अनूप कुमार, नीरज कुमार, रघु कुमार आदि मौजूद थे।

आज

पटना

गुरुवार, ७ मई, २०१५

## रिहाई के लिए अनशन पर बैठे चिकित्सक

(आज समाचार सेवा)

पटना। पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग के चिकित्सा निदेशक एवं वरिष्ठ फिजिशियन डॉ दिवाकर तेजस्वी ने वरिष्ठ सर्जन डॉ आरबी चौधरी की फिरौती के लिए की गई हत्या एवं गया के फिजिशियन डॉ पंकज गुप्ता एवं उनकी पत्नी की फिरौती के लिए दिन-दहाड़े किए गये अपहरण के विरूद्ध बुधवार को स्थानीय गांधी मैदान स्थित कारगिल चौक के पास एक दिवसीय सांकेतिक अनशन किया। डॉ तेजस्वी ने इस घटना को दुखद बताया। इस अवसर पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ किरण शरण, इएनटी विशेषज्ञ डॉ केके शरण, दंत चिकित्सक डॉ जियाउल हक, सहयोग संस्था के अशोक वर्मा सहित पहल संस्था के कार्यक्रम सहायक पवन



कुमार साव, अनुप कुमार के अलावे अनेकों डॉक्टर एवं समाज के सभी वर्ग के लोग ने इस एक दिवसीय सांकेतिक अनशन में भाग लिया। डॉ तेजस्वी ने कैंडल लाईट जलाकर दिवंगत डॉ आरबी चौधरी के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। अनशन के दौरान चिकित्सकों एवं सहयोगियों ने काला बिल्ला लगाया एवं दो मिनट का मौन रखा।


**PAHAL Gyanshree Scholarship- 7th May 2011:** PAHAL provided scholarship to the AIDS orphan and other disadvantaged section children under its "Gyanshree Scholarship Scheme" Program. Three children whose parents died of AIDS are getting scholarship to continue their studies. Altogether 16 needy children are getting the benefit of scholarship to continue their studies under the scholarship scheme run by PAHAL.



दैनिक भास्कर पटना, शुक्रवार, 8 मई, 2015

**पहल ने दी तीन बच्चों को छात्रवृत्ति**

पटना | पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थ फुल एप्रोच फॉर लिविंग-पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने छपरा के चड़वा गांव के तीन बच्चों वर्ग 9 की सुनीता कुमारी, वर्ग 7 के संतू कुमार एवं वर्ग 8 के पिंटू कुमार यादव को उनकी पढ़ाई सुचारू ढंग से चलाने के लिए छात्रवृति प्रदान की है।



THE TELEGRAPH FRIDAY 8 MAY 2015

**Gesture**

**Patna:** Medical director of NGO Pahal Dr Diwakar Tejaswi on Thursday provided scholarship to three orphaned students of Charwa village in Chhapra district. All the three kids are HIV-infected.

**Free Blood Sugar and Blood Pressure Checkup Camp, Patna (8th May 2015):** PAHAL organized free blood sugar and blood pressure checkup camp at Dr. Diwakar Tejawi Clinic, Exhibition Road, Patna. Dr. Diwakar Tejaswi , Medical Director of PAHAL talked about the dangers of high blood pressure and blood sugar. He also explained about the precautions one should take to control the BP and blood sugar. Many people were benefited during the awareness camp.



दैनिक भास्कर पटना, शनिवार, 9 मई, 2015

**मधुमेह से किडनी पर बुरा असर**

पटना | पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एप्रोच फॉर लिविंग के तत्वावधान में शुक्रवार को निःशुल्क मधुमेह जांच का आयोजन किया गया। इसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अश्विनी कुमार ने बताया कि रेटिना में गड़बड़ी का प्रमुख कारण अनियंत्रित मधुमेह है। मधुमेह से अंधेपन की शिकायत भी हो सकती है। मौके पर पहल के निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि मधुमेह के रोगियों को रेटिना की जांच समय-समय पर करानी चाहिए। मधुमेह के रोगियों को रक्तचाप की जांच हमेशा करानी चाहिए।



प्रभात खबर पटना, शनिवार, 9 मई, 2015 www.prabhatkhabar.com

**मधुमेह से जा सकती है आंखों की रोशनी**

पटना. पहल के तत्वावधान में मुफ्त मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया गया. डॉ दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि मधुमेह रोगियों में एक समय के बाद नेत्र रोग की समस्या बढ़ जाती है और मधुमेह बढ़ने के साथ रोशनी भी धीरे-धीरे चली जाती है. इस कारण से मधुमेह रोगियों को हर तीन माह पर नेत्र जांच करानी चाहिए, वरना अचानक से परेशानी बढ़ जाती है और डॉक्टर भी इलाज करने में असमर्थ हो जाते हैं.

**Free Blood Sugar & Blood Pressure Checkup Camp, Patna (16th May 2015):**

PAHAL organized blood sugar and blood pressure checkup camp at Dr. Diwakar Tejawi Clinic, Exhibition Road, Patan. Dr. Diwakar Tejaswi , Medical Director of PAHAL talked about the danger of high blood pressure and blood sugar. He also explained the precaution to control the BP and blood sugar. About 75 persons were tested in the camp and also free advices were given to the patients.

आज पटना रविवार, १७ मई, २०१५

## उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह सायलेंट किलर

पटना (आससे)। पब्लिक अवेयरनेस फॉर हैल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग (पहल) के तत्वावधान में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को उच्च रक्तचाप जांच एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन डा. दिवाकर तेजस्वी क्लिनिक में किया गया।

इस अवसर पर पहल के चिकित्सा निदेशक एवं वरिष्ठ फिजिशियन डा. दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि मधुमेह के रोगियों को रक्तचाप की जांच नियमित रूप से कराते रहना चाहिए। उनका रक्तचाप किसी भी अवस्था में १३०/८० में अधिक नहीं होना चाहिए। इससे गुर्दा (किडनी) पर प्रतिकूल असर पड़ता है और किडनी डिजीज होने की आशंका बढ़ जाती है। किडनी के डिजीज का सबसे मुख्य कारण उच्च रक्तचाप एवं अनियंत्रित मधुमेह है। उच्च रक्तचाप के कारण मस्तिष्क के नस फटने से पक्षापात की समस्या एवं नाक के भीतर के नस फटने से नाक से खून के स्राव, हृदय रोग, आंखों की व्याधियां, रेटिनल डिटैयचमेन्ट के कारण रोशनी में कमी एवं अंधापन तक हो सकता है। उक्त रक्तचाप एवं मधुमेह को सायलेन्ट किलर के रूप में भी जाना जाता है। उक्त रक्तचाप से स्ट्रोक, ब्रेन हेमरेज, हार्ट अटैक एवं हार्ट फेल्योर तथा किडनी फेल्योर की आशंकाएं बढ़ जाती हैं।

DB स्टार PATNA, SUNDAY, 17/05/2015

## मधुमेह, हाइपरटेंशन, मोटापा आदि के लिए नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन

पटना। विश्व हाईपरटेंशन दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को मधुमेह एवं मोटापा केयर सेंटर मे नि:शुल्क मधुमेह, हाईपरटेंशन, मोटापा की जांच का शिविर लगाया गया। मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. सुभाष कुमार ने बताया कि जांच शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को नि:शुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराना है। इस दौरान 57 लोगों की जांच हुई, जिसमे 32 लोगों को मधुमेह व 22 लोगों का केलोस्ट्राल बढ़ा हुआ था। डाइटीशियन डॉ. सुमिता कुमारी ने बताया कि उचित खानपान शारीरिक श्रम से टाइप 2 मधुमेह को नियंत्रण में रखा जा सकता है। मधुमेह पर नियंत्रण मे रखने के लिए सप्ताह मे कम-से-कम चार दिन तेज गति से 30 से लेकर 45 मिनट तक मॉर्निंग वाक व आधे घंटे तक व्यायाम करना चाहिए। इसके अतिरिक्त खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कभी भी भर पेट भोजन नहीं करे थोड़ा-थोड़ा चार-पांच बार में खाएं। खाने मे फल, सब्जी एवं रेशेदार पदार्थ का सेवन अधिक मात्रा में करें। अगला जांच शिविर 24 मई को लगाया जाएगा।



स्वास्थ्य शिविर में मरीज की जांच करते डॉ. दिवाकर तेजस्वी।

### अनियंत्रित रक्तचाप से जन्म लेती हैं कई बीमारियां

पहल की ओर से विश्व उच्च रक्तचाप दिवस की पूर्व संध्या पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि अनियंत्रित उच्च रक्तचाप कई बीमारियों को जन्म देता है। उन्होंने कहा कि मधुमेह के मरीजों को नियमित बीपी की जांच कराते रहनी चाहिए। रक्तचाप 120 /80 से अधिक नहीं होना चाहिए। अन्यथा इससे किडनी को नुकसान हो सकता है और किडनी की बीमारी लगने की संभावना बढ़ जाती है। रक्तचाप को नियंत्रित रखने के लिए वजन पर नियंत्रण, नियमित व्यायाम, पूरी नींद, तनाव से तौबा और प्रतिदिन पांच ग्राम से कम नमक का सेवन करना चाहिए।

**World No Tobacco Day: Awareness Camp at Patna (31st May 2015):**

On "World No Tobacco Day", an awareness camp was organized under the banner of PAHAL to draw attention towards the health problems that tobacco use can cause. PAHAL's Medical Director Dr Diwakar Tejaswi informed about the health hazards of tobacco. About 100 people were benefited during the awareness camp.

सहारा पटना। सोमवार • 1 जून • 2015

## तम्बाकू सेवन से होते हैं 19 प्रकार के कैंसर

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कई जगह जागरुकता कार्यक्रम

पटना (एसएनबी)। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रविवार को जगह-जगह जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें तंबाकू से होने वाली बीमारियों पर चर्चा की गई। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि तम्बाकू से उन्नीस प्रकार के कैंसर पैदा होते हैं एवं लगभग 54 प्रतिशत जनता इसका उपयोग करती है। पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग (पहल) के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि बिहार में 66.8 प्रतिशत पुरुष और आठ प्रतिशत महिलाएं किसी न किसी रूप में तम्बाकू का प्रयोग करती हैं। बिहार में बीड़ी या सिगरेट पीने वाली जनसंख्या में पुरुषों का हिस्सा 29 प्रतिशत एवं महिलाओं का 4.9 प्रतिशत है। बिहार आर्थिक अध्ययन संस्थान के सभागार में मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान में इस मौके पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जगन्नाथ मिश्र ने कहा कि इस बार विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 'फ्री योरसेल्फ' का स्लोगन दिया है। साथ ही तंबाकू उत्पादों के विज्ञापनों, प्रमोशन और स्पॉन्सरशिप के खिलाफ अभियान चलाने की वकालत की है। इस अवसर पर तंबाकू के चंगुल से खुद को मुक्त करने का संकल्प लिया जाना चाहिए। इस मौके पर गोष्ठी में रामउदार झा, श्याम बिहारी मिश्रा, बच्चा ठाकुर, डॉ. ज्योतिन्द्र चौधरी, डॉ. रामानंद पाण्डेय, अनवार खां समेत अन्य लोग मौजूद थे। सुख संसार ने तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर श्रीकृष्णा नगर इलाके में 'तंबाकू उत्पादों के अवैध व्यापार को रोकने के' विषय पर जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 125 लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर संस्था के सचिव संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि तंबाकू की लत दुनिया में सबसे व्यापक लत है। दुनिया में लगभग 1.3 बिलियन धूम्रपान करने वाले हैं, उनमें 80 प्रतिशत विकासशील देशों में हैं। 300 लाख से अधिक धूम्रपान करने वाले भारत में है।

**Dr. Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL honored by Director of Jai Prabha Blood Bank on the occasion of World Blood Donors Day at Patna (15th June 2015):** Dr. Diwakar Tejaswi was honored by Director of Jai Prabha Blood Bank on the occasion of World Blood Donors Day. Dr. Tejaswi has donated his blood many times and PAHAL has organized many blood donation camps.



दैनिक भास्कर पटना, मंगलवार, 16 जून, 2015

**रक्तदान के लिए डॉ. तेजस्वी सम्मानित**

पटना | विश्व रक्तदाता दिवस पर पहल के निदेशक डॉ.दिवाकर तेजस्वी को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा 30 बार रक्तदान करने के लिए जयप्रभा ब्लड बैंक के निदेशक के द्वारा दिया गया। इस मौके पर डॉ.तेजस्वी ने कहा कि 18 से 58 वर्ष के किसी भी व्यक्ति वर्ष में दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करने से हमारे शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती है। इसके साथ ही सरकारी ब्लड बैंकों में रक्त की कमी नहीं हो पाएगी।



प्रभात खबर पटना, मंगलवार, 16 जून, 2015 www.prabhatkhabar.com

**नियमित रक्तदान के लिए डॉ दिवाकर को किया गया सम्मानित**

पटना . विश्व रक्तदान दिवस पर पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वी को सम्मानित किया गया. डॉ तेजस्वी मॉडल ब्लड बैंक जय प्रभा में अब तक 30 बार रक्तदान कर चुके हैं. डॉ तेजस्वी ने कहा कि 18 से 58 वर्ष तक के सभी स्वस्थ लोगों को साल में दो बार रक्तदान जरूर करना चाहिए. ऐसा करने से शरीर भी स्वस्थ रहता है और जरुरतमंद को खून भी मिल पायेगा.

**Free Bone Mineral Density, BMI testing camp at Patna (16th June 2015)** was organized by PAHAL, in which around 95 people were tested free of cost. Speaking on the occasion, Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director, PAHAL addressed the gathering and made them aware of problems relating to osteopenia and osteoporosis, (especially for women over 40 years of age) that leads to brittle bones.



आज पटना बुधवार, १७ जून, २०१५ ५

**मोटापा कई बीमारियों एवं असमय मृत्यु का मुख्य कारण**

पटना ( आससे )। मोटापा अनेकों बीमारियों का एवं असमय मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। इससे मधुमेह एवं ब्लडप्रेशर की बीमारियां होने की भी अत्यधिक संभावना होती है। इसकी जानकारी पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वी ने मंगलवार को अपने क्लिनिक पर आयोजित नि:शुल्क हड्डी जांच एवं मोटापा जांच शिविर में दी। उन्होंने बताया कि पुरूष की कमर की मोटाई 90 सेटीमीटर तथा महिलाओं में कमर की मोटाई 80 सेटीमीटर से अधिक नहीं रहनी चाहिए। वहीं महिला के शरीर में वसा की प्रतिशतता 15 से 25 प्रतिशत एवं पुरूषों में 10 से 20 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि शिविर में लगभग 100 लोगों की हड्डी के धनत्व एवं मोटापे की जांच की गयी। पहल के अन्तर्गत निरंतर चलाये जा रहे शिविर के आंकड़े के आधार पर अधिकांश लोगों में विटामिन-डी-3 की कमी पायी गयी है। यदि समय रहते इसकी जांच हो जाए एवं और जांच में हडड्डियों के घनत्व में कमी पायी जाती है तो वैसे लोगों को कैल्शियम एवं विटामिन डी-3 की गोली देकर समस्या से निजात पाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन औसतन 400 इंटरनेशनल विटामिन डी की आवश्यकता होती है। यह सूर्य की किरणे, अंडा, मक्खन, चीज एवं फिश लिवर ऑयल में प्रचूर मात्रा में मिलता है। इसके सेवन से लोगों में विटामिन-डी की कमी नहीं होती है और लोगों की हड्डी मजबूत रहती है।



DB स्टार PATNA, WEDNESDAY, 17/06/2015

**सूर्य की रोशनी में प्रचुर मात्रा में है विटामिन डी**

पहल के नि:शुल्क हड्डी एवं मोटापा जांच शिविर में मरीजों की जांच करते डॉ. दिवाकर तेजस्वी।

HEALTH

डीबी स्टार » पटना

हड्डी रोग की निरंतर जांच से एक बात निकलकर सामने आयी है कि बिहार के लोगों में हड्डी में होनेवाले दर्द या सूजन को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं होते हैं। वे इसे मात्र एक साधारण दर्द या सूजन समझकर बिना कोई डॉक्टरी सलाह के दवा ले लेते हैं। ऐसे में तत्काल तो दर्द से राहत मिल जाती है लेकिन कुछ समय के बाद यह भयंकर बीमारी के रूप में सामने आता है। यह बातें पहल के निदेशक डॉ.दिवाकर तेजस्वी ने मंगलवार को अपने क्लिनिक में नि:शुल्क हड्डी एवं मोटापा जांच शिविर में कहीं। उन्होंने कहा कि हड्डी रोग से जुडें इलाज के लिए बिहार से बाहर जाना पड़ता है। हम यदि 35 साल के बाद समय-समय पर अपनी हड्डी की जांच कराते रहें तो काफी हद तक हड्डी की गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है। मोटापा के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि मोटापा अनेक बीमारियों का कारण है। अधिक मोटापा होने से कभी-कभी असमय मृत्यु का कारण भी बन जाता है। मोटापा ब्लडप्रेशर एवं मधुमेह की जनक भी है। एक सामान्य महिला के शरीर में वसा की मात्रा 15-20 प्रतिशत एवं पुरुषों में 10 से 20 प्रतिशत तक होनी चाहिए। इस कैंप में 100 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गयी।

**<u>HIV/AIDS Awareness Program for PARAMEDICS at Palika Vinayak Hospital, Patna (21nd June 2015):</u>** An HIV AIDS awareness program was organized at Palika Vinayak Hospital, Patna. The key note speaker of the program Dr Diwakar Tejaswi Medical Director Pahal delivered the lecture on HIV/AIDS. About 150 Paramedical staff and Doctors attended the technical program.

दैनिक भास्कर पटना, सोमवार, 22 जून, 2015

**500 हो जाए सीडी 4 तो कराएं जांच**

पटना | एचआईवी रोगियों की जल्द पहचान के लिए सीडी 4 की संख्या 500 तक हो जाए, तो तुरंत इलाज शुरू कराएं। चाहें उस वक्त तक रोगी में एड्स के लक्षण दिखाई दे या ना दे। यह कहना है पहल के निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी का। उन्होंने पालिका विनायक हॉस्पिटल में पारा मेडिकल एवं चिकित्सकों के लिए एड्स अवेयरनेस कार्यक्रम के अवसर पर ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि बिहार में डेढ़ लाख एचआईवी पॉजीटिव हैं, जिनमें से 75 हजार एड्स के मरीज हैं।

THE TELEGRAPH MONDAY 22 JUNE 2015

**HIV camp**

**Patna:** An HIV awareness programme for doctors and paramedics was organised on Sunday by Public Awareness for Healthful Approach for Living (Pahal). Pahal's medical director Dr Diwakar Tejaswi said treatment of HIV is possible if detected early and one can lead a normal life after cure.

**XDR TB Awareness Program at Patna (27 June 2015):** XDR TB Awareness program by PAHAL was organized at at Dr. Diwakar Tejaswi Clinic Patna. Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi delivered the lpublic talk on XDR TB and shared the updated information about prevention and treatment.

एम्पल समाचार 28 जून से 04 जुलाई, 2015

# एक्सबीआर टी.बी. एड्स से ज्यादा खतरनाक



पब्लिक अवेयनेस फॉर हेथफुल एप्रोच फॉर लिविंग पहल के चिकित्सा निदेशक डा० दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि टी.बी. के प्रकार अत्यंत गंभीर एवं जानलेवा साबित हो रहे हैं। बिहार एवं भारतवर्ष में नये टी.बी. के रोगियों में 3 से 4 प्रतिशत एवं रिलैप्स टी.बी. के रोगियों में करीब-करीब 15 प्रतिशत तक टी.बी. पायी जा रही है तथा प्राण घातक टी.बी. की प्रतिशत तक के रोगियों का 7 प्रतिशत तक है। प्रतिरोधक टी.बी. की जांच हेतु बलगम को कल्चर एवं सेन्सीटीविटी हेतु भेजा जाता है जिससे 6 से 8 सप्ताह का समय लग जाता है एवं इस दौरान रोगियों के स्वास्थ्य की गिरावट हो सकती है। डा. तेजस्वी ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जीन एक्सपर्ट नामक बलगम जांच के द्वारा 2 दिनों के अन्दर रिफाम्पीसीन दवा से प्रतिरोधक टी.बी. के जांच की बात कही है। टी.बी. से बचाव के बारे में डा. तेजस्वी ने बताया कि बच्चों में टीकाकरण, हवादार, धुपयुक्त घर, पोषण, रोगियों की शीघ्र पहचान तथा पूर्ण उपचार , थुक का यत्र-तत्र न फेंकना एवं खांसते वक्त मुँह पर रुमाल रखना शामिल है। डा. तेजस्वी ने जानकारी दी कि एक्सबीआर के इलाज हेतु डेलामाडिन एवं बेडाक्यूक्विलीन 2 दवाईयाँ शोध के अन्तिम चरण में है एवं जल्द ही उपलब्ध होने की बात है। इससे अनेकों एक्सबीआर रोगियों की जान बचाने में सहायता मिलेगा।

## Dengue Awareness Program at Exhibition Road Patna (2nd July 2015)

Dengue Awareness program was conducted by PAHAL at Dr. Diwakar Tejaswi Clinic Patna. Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi delivered the lecture on Dengue Awareness.

राष्ट्रीय सहारा पटना | शुक्रवार • 3 जुलाई • 2015

### डेंगू से बचाव को जागरुकता कार्यक्रम पर जोर

**पटना (एसएनबी)।** बारिश शुरू होने के साथ ही एक बार फिर डेंगू का प्रकोप शुरु हो गया है। इससे बचाव के लिए पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग (पहल) की ओर से जागरुकता कार्यक्रम आयोजित की गई। पहले के चिकित्सा निदेशक एवं वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने डेंगू के लक्षण एवं बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि डेंगू के बारे में लोगों में जागरुकता लाकर काफी हद तक बचाव किया जा सकता है।

#### ये हैं डेंगू के लक्षण

- बहुत ऊंचा ज्वर जिसका कोई अन्य स्थानीय कारण समझ में नहीं आए।
- शरीर पर चकत्ते पड़ जाना
- तेज ज्वर, लगातार सिरदर्द, चक्कर आना तथा भूख ना लगना
- रक्त श्राव की प्रवृत्ति, नाक, कान आदि से खून रिसना, खूनी दस्त लगना और खून की उल्टी आना।
- खून में प्लेटलेट्स की संख्या कम होना तथा प्लाज्मा रिसाव होने के साक्ष्य मिलना आदि।

#### ऐसे करें डेंगू से बचाव

- डेंगू एडिस नाम के मच्छर काटने से होता है, इसलिए घर में मच्छरों को पनपने से रोकें।
- घर के आसपास फॉगिंग कराएं एवं पानी जमने न दें।
- सुबह-शाम पूरे शरीर को ढक कर रखें। डेंगू पैदा करनेवाला मच्छर दिन में काटता है, इसलिए पार्क में टहलने या खेलने जाएं या लॉन में बैठें तो पूरे कपड़े जरुर पहनें
- जब बच्चे खेलने निकले तो पूरी आस्तीन के कपड़े पहनाएं
- सोने के दौरान मच्छरदानी का प्रयोग करें
- घर के आस-पास पानी इकट्ठा ना होने दें क्योंकि डेंगू फैलानेवाला एडिस मच्छर साफ पानी में ही लारवा देते हैं।

दैनिक भास्कर पटना, शुक्रवार, 3 जुलाई, 2015

### मच्छरों से करें बचाव

पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी का कहना है कि एडीस मच्छर के काटने से लोग डेंगू से पीड़ित होते हैं। एडीस मच्छर अमूमन दिन में और पीछे से काटते हैं। ये इतना तेज होते हैं कि एक कमरे में यदि 10 लोग बैठे हो, तो सभी को पलक झपकते डंक मार कर निकल सकते हैं। इसलिए मच्छर पनपे नहीं इसकी व्यवस्था होनी चाहिए। घर में यदि कहीं पानी जमा हो, तो उसे साफ कर दें। अमूमन कूलर, फ्रिज, ड्रम, कंटेनर या फिर गमले में पानी जमा रहता है। वहां भी मच्छर पनप सकते हैं। घर या आसपास पानी जमा हो, तो उसे साफ करा दें। मच्छरों से बचाव के लिए रिप्लेंट या मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। बच्चों को पूरा कपड़ा पहनाकर रखें।

## On Eve of World Hepatitis Day: Mega Hepatitis Awareness Camp at Patna (27th July 2015):

Hepatitis Awareness Camp was organized under the banner of PAHAL . Medical Director Pahal Dr. Diwakar Tejaswi , delivered informative lecture on Hepatitis - Education and prevention.

राष्ट्रीय सहारा पटना | मंगलवार • 28 जुलाई • 201

### टैटू की संक्रमित सूई से हो सकता है हेपेटाइटिस बी

**पटना (एसएनबी)।** कान छिदवा रहे हैं या टैटू बनवा रहे हैं तो सावधान रहें। इन स्थितियों यदि सूई संक्रमित हो तो हेपेटाइटिस बी का खतरा बढ़ जाता है। विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर 'पहल' के चिकित्सा निर्देशक व फिजिशियन डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने हेपेटाइटिस बी से बचाव के लिए टीकाकरण की सलाह दी है।

डॉ. दिवाकर ने कहा कि हेपेटाइटिस बी तेजी से फैल रहा है। 5-6 प्रतिशत लोग इसके चपेट में आ रहे हैं। हेपेटाइटिस बी लीवर में सूजन के साथ-साथ सिरोसिस एवं लीवर कैंसर का कारण भी बन सकता है। डॉ. दिवाकर ने बताया कि हेपेटाइटिस से लड़ने का सर्वोत्तम हथियार टीकाकरण है। टीका 95 प्रतिशत लोगों में प्रभावी होता है। हेपेटाइटिस बी से बचाव के लिए तीन सूई लगवानी होती है। पहली दो सूई एक महीने के अंतराल पर एवं तीसरी पहली सूई के छह महीने बाद लेनी पड़ती है।

- विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर डॉक्टरों की हिदायत
- बचाव के लिए विशेषज्ञों की टीकाकरण की सलाह

हेपेटाइटिस सी के बारे में डॉ. तेजस्वी ने बताया कि इसका इलाज अब संभव है। इसकी दो दवाएं सोफोसबुविर एवं सिमेप्रविर का इजाद हुआ है। इन गोलियों के सेवन से हेपेटाइटिस सी रोगी रोग मुक्त हो सकता है। हालांकि उन्होंने कहा कि चौबीस सप्ताह तक दी जाने वाली इन दवाइयों की कीमत बहुत महंगी हैं। डॉ. तेजस्वी ने कहा कि इन दवाइयों को सस्ते दाम पर उपलब्ध कराने के लिए सरकार को पहल करनी चाहिए।

THE TELEGRAPH TUESDAY 28 JULY 2015

### Health meet



Guests hold awareness placards at the news meet in Patna. Picture by Ranjeet Kumar Dey

Public Awareness for Healthful Approach for Living (Pahal), a non-governmental organisation, on Monday organised a news meet on the eve of World Hepatitis Day.

Noted physician Diwakar Tejaswi said: "Most Hepatitis B and C patients are usually unaware of the status of their disease for a long time. The reason is because the diseases' symptoms show up after a long period of time."

He said: "Unprotected sex with infected people (people suffering from Hepatitis B), infusion of blood of a Hepatitis patient, exposure to needle or syringes which have come in contact with affected persons and an infected mother can spread Hepatitis B. The reasons behind the spread of Hepatitis C include coming in contact with injections used by drug users (those who are patients of Hepatitis C), infected blood transfusion and haemodialysis among others."

He said: "Loss of appetite, nausea, abdominal pain, yellowish urine are some of the symptoms for both the diseases."

*SHUCHISMITA CHAKRABORTY*

**World Hepatitis Day- Mega Free Hepatitis –B , Hepatitis- C Testing Camp, Patna (28th July 2015):** Free Hepatitis B and C Checkup camp was organized under the banner of PAHAL at Exhibition Road, Patna. Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi inaugurated the program and provided the information regarding Hepatitis and its prevention. Many people were tested for Hepatitis B and Hepatitis – C at the camp. About 125 people were benefited during the camp.

आज पटना बुधवार,२९ जुलाई, २०१५

# हेपेटाइटिस-सी का आसान इलाज अब संभव : डॉ तेजस्वी

## नयी दवाओं सोफासबुविर एवं सिमेप्रबिर का हुआ इजाद



पटना ( आससे )। हेपेटाइटिस-सी का आसान इलाज अब संभव हो गया है ।, इसी वर्ष हुए हेपेटाइटिस-सी की दो नयी दवाओं यथा सोफासबुविर एवं सिमेप्रबिर का इजाद हुआ है । इन गोलियों के संवन से हेपेटाइटिस-सी रोगी रोग मुक्त हो सकता है । 24 सप्ताह तक दिये जाने वाले सोफोसबुविर दवा अभी महंगी है तथा इसे भारत में सस्ते दामों पर उपलब्ध करायी गयी है, जिससे हेपेटाइटिस -सी रोगी की जान बच सके । इसकी जानकारी मंगलवार को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर नि:शुल्क हेपेटाइटिस-बी एवं सी जांच शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम में पहल के चिकित्सा निदेशक एवं वरिष्ठ फिजिशियन डॉ दिवाकर तेजस्वी ने दी । उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस-बी का संक्रमण हमारे समाज में तेजी से फैलता जा रहा है एवं करीब 5 से 6 प्रतिशत लोग इसकी संक्रमण की चपेट में है । हेपेटाइटिस-बी लीवर में सूजन के साथ-साथ सिरोसिस एवं लीवर कैंसर को अंजाम दे सकता है, जो जानलेवा होता है । इससे बचाव का सर्वोत्तम उपाया हेपेटाइटिस-बी के विरूद्ध टीकाकरण है । उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस-बी वायरस के संक्रमण से होता है । डॉ तेजस्वी ने बताया कि हेपेटाइटिस का टीका 95 प्रतिशत रोगियों में प्रभावी होता है तथा इसे तीन बार सुई लगाकर देनी चाहिए। पहली दो सुई एक माह के अंतराल पर एवं तीसरी सुई पहली सुई के 6 माह के बाद देनी चाहिए। इस अवसर पर लगभग 100 लोगों को नि:शुल्क हेपेटाइटिस-बी एवं सी की जांच की गई। जिसमें हेपेटाइटिस-बी पांच लोगों में पाया गया। अन्य लोगों को हेपेटाइटिस-बी का टीका लेने की सलाह दी गई।

**<u>Free Blood Sugar Checkup & TB Awareness Camp, Patna (31st July 2015):</u>**

PAHAL in collaboration with Rotary Pataliputra organized a free Blood sugar Testing & TB Awareness camp on 31st July 2015. Dr. Diwakar Tejaswi , Medical Director of PAHAL talked about the danger of high blood sugar. He also explained the precaution to control the BP and blood sugar. About 100 persons were tested in the camp and also free advices were given to the patients.

राष्ट्रीय सहारा
पटना। शनिवार • 1 अगस्त • 2015

## देश में तेजी से बढ़ रहे मधुमेह के रोगी

पटना (एसएनबी)। रोटरी पाटलिपुत्र एवं 'पहल' के तत्वावधान में शुक्रवार को नि:शुल्क ब्लड प्रेशर, मधुमेह जांच एवं टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'पहल' के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने मधुमेह के बढ़ते रोगियों पर चिंता जताते हुए कहा कि वर्तमान में भारत में सात करोड़ से ज्यादा मधुमेह के रोगी हैं। उन्होंने कहा कि जिनके माता पिता और करीबी रिश्तेदार को मधुमेह है, उन्हें ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। इस मौके पर सौ से ज्यादा लोगों की जांच की गई। डॉ. तेजस्वी ने कहा कि मधुमेह से घबराने की जरूरत नहीं है। सही खान पान नियमित जीवन शैली एवं दवाओं के सेवन से मधुमेह कंट्रोल में रहता है। उन्होंने कहा कि मधुमेह के रोगियों को नियमित ब्लड प्रेशर की जांच करानी चाहिए। 130/80 से ज्यादा ब्लड प्रेशर नहीं होना चाहिए। टीबी की बाबत डॉ. दिवाकर ने कहा कि सीने में दर्द हो, बलगम में खून आए, शाम को हल्का बुखार हो , वजन में कमी आ रही हो और कमजोरी हो तो टीबी की जांच करानी चाहिए।

दैनिक भास्कर पटना, शनिवार, 1 अगस्त, 2015

## स्वास्थ्य जागरुकता शिविर

पटना | रोटरी पाटलिपुत्र एवं पब्लिक अवेयरनेस फॉर एप्रोच फॉर लिविंग के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को डॉ. दिवाकर तेजस्वी की क्लिनिक में नि:शुल्क शिविर लगा। डॉ. तेजस्वी ने लोगों को मधुमेह के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर रोटेरियन सुबोध जैन, आलोक अग्रवाल, जेएस सलूजा, समीर झुनझुनवाला, आरपी सिन्हा भी मौजूद थे।

THE TELEGRAPH SATURDAY 1 AUGUST 2015

## Health check

**Patna:** Rotary Pataliputra on Friday organised a free check-up camp for blood pressure and blood sugar and a tuberculosis awareness camp at Dr Diwakar Tejaswi's clinic. The health camp was set up in collaboration with Pahal.

**TB & Diabetes Awareness Camp at IIHER Beur, Patna (7th August 2015):** TB & Diabetes awareness program was organized at Indian Institute of Health Education and Research, Beur, Patna. Dr. Diwakar Tejaswi Medical Director of PAHAL talked about the TB & Diabetic Awareness and Treatment in the awareness camp. Many students , faculty members were benefited during the TB awareness camp.



पटना, 8 अगस्त 2015 दैनिक जागरण

# टीबी या मधुमेह हो तो कराएं दोनों की जांच

◆ जागरण पहल, दैनिक जागरण, वर्ल्ड डायबिटीज फाउंडेशन व द यूनियन संयुक्त रूप से चला रहे जागरूकता अभियान

जागरण संवाददाता, पटना : इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च (आइआइएचईआर) बेउर के पैरा मेडिकल छात्रों को टीबी व मधुमेह रोग के खतरनाक गठजोड़ की जानकारी देने के लिए शुक्रवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरण पहल, दैनिक जागरण, वर्ल्ड डायबिटीज फाउंडेशन व द यूनियन के संयुक्त तत्वाधान में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत इसका आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने एक होने पर दूसरे की जांच जरूर कराने पर जोर दिया।

**तीन राज्यों में चल रहा जागरूकता अभियान** : टीबी-डायबिटीज का परस्पर संबंध बताने वाला वीडियो दिखा जागरण पहल के मैनेजर राजेश रंजन ने कहा कि डायबिटीज आज चिंता का विषय बन चुका है। इस रफ्तार से रोगी बढ़ते रहे तो जल्द ही भारत मधुमेह की राजधानी बन जाएगा। फास्ट फूड से डायबिटीज कि समस्या तेजी से बढ़ी है। वहीं टीबी जो एक संक्रामक रोग भी है एक गंभीर समस्या बन चुकी है। उन्होंने बताया कि तीन राज्यों के दस जिलों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

**रोगों के लक्षण पहचानें** : डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने टीबी व डायबिटीज के तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मधुमेह रोगी को टीबी होने की आशंका दो से तीन गुना बढ़ जाती है। दो सप्ताह से अधिक खांसी टीबी का लक्षण हो सकती है। टीबी हवा में फैलने वाली संक्रामक बीमारी है और ज्यादातर फेफड़ों पर असर करती है। उन्होंने कहा कि बार-बार पेशाब आना, अत्यधिक प्यास और थकान, हाथ पैर सुन्न होना, घाव जल्दी न भरना और धुंधला दिखाई देना मधुमेह के लक्षण हैं। द यूनियन के सची सत्पथी ने कहा कि हर टीबी रोगी को मधुमेह की जांच करानी चाहिए और हर डायबिटिक को टीबी की। दोनों की जांच बहुत जरूरी है। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर इन चीफ डॉ. अनिल सुलभ ने धन्यवाद ज्ञापन में जागरण पहल को धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों को बहुत फायदा होगा।

जागरण पहल के कार्यक्रम में पैरा मेडिकल की छात्राओं को टीबी व मधुमेह के परस्पर संबंध की जानकारी देते डॉ. दिवाकर

**आज पीएमसीएच में होगा जागरूकता कार्यक्रम**

पटना : टीबी-मधुमेह के खतरनाक संबंध के बारे में शनिवार को पीएमसीएच के राजेंद्र सर्जिकल स्थित ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 12 से दो बजे तक चलने वाले इस कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं, पीएमसीएच के छात्र व शिक्षक भाग लेंगे।

**Free Bone Mineral Density (BMD) and Body Mass Index (BMI) Testing Camp, Patna (17th August 2015):** PAHAL organized free BMD and BMI camp at Exhibition Road, Patna. Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL, in his awareness speech explained about the deficiency of calcium and also how obesity is becoming a big health problem. About 95 persons were tested for free in the camp.



दैनिक भास्कर पटना, मंगलवार, 18 अगस्त, 2015

**निःशुल्क हड्डी जांच शिविर**

पटना | पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थ फुल एप्रोच फॉर लिविंग की ओर से सोमवार को एग्जीबिशन रोड स्थित नीमा पैलेस में निःशुल्क हड्डी जांच शिविर लगाया गया। डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि शिविर में बोन मिनरल डेनसिटी की जांच की गई। उन्होंने कहा कि बहुत सारे लोगों में हड्डियों में घनत्व की कमी के कारण बहुत सारी बीमारी होने की संभावना रहती है। जिसमें डायबिटीज, एड्स आदि हैं। शिविर में 95 लोगों की कंप्यूटराइज्ड हड्डियों की जांच की गई।



आज पटना बुधवार, १९ अगस्त, २०१५

# धूप के सेवन से हड्डियों को रख सकते हैं मजबूत

**निःशुल्क हड्डियों के घनत्व जांच शिविर आयोजित**

पटना ( आससे )। कैल्शियम एवं विटामिन डी-3 तथा धूप के सेवन से हड्डियों को मजबूत रखा जा सकता है। यह जानकारी पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वी ने सोमवार को पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग के तत्वाधान में निःशुल्क हड्डी जांच शिविर में दी। शिविर का आयोजन डॉ दिवाकर तेजस्वी के क्लिनिक में किया गया। जिसमें 95 लोगों ने निःशुल्क कम्प्यूटराईज हड्डियों के घनत्व की जांच करायी, जिनमें 25 महिलाओं एवं 10 पुरूषों में हड्डियों की घनत्व की कमी पायी गई। इस अवसर पर डॉ दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि बहुत सारे बीमारियों में हड्डियों के घनत्व की कमी देखी जा रही है। जिनमें रिम्यूटायड ऑर्थराइटिस, गैस्ट्रिक बाईपास सर्जरी, डइयबिटिज, एड्स आदि प्रमुख है। इस लक्षणों में शरीर में दर्द होना, टटैनी होना, बग्घा लगना, थकान होना, जोड़ों में दर्द होना आदि प्रमुख है।

**Dengue Awareness Program at Exhibition Road Patna (21st August 2015)** Dengue Awareness program at Dr. Diwakar Tejaswi Clinic Patna. Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi delivered an awareness talk on Dengue as Dengue cases were increasing in Bihar.

THE TELEGRAPH SATURDAY 22 AUGUST 2015

**Dengue**

**Patna:** A dengue awareness programme was organised here on Friday under the aegis of Public Awareness for Healthful Approach for Living (Pahal). Its medical director Diwakar Tejaswi said dengue can be prevented if one takes precautions and advised people not to get frightened by the disease.

दैनिक भास्कर पटना, शनिवार, 22 अगस्त, 2015

**जागरूक हो बचें डेंगू के डंक से : डॉ. तेजस्वी**

**पटना|** डॉ. दिवाकर तेजस्वी क्लिनिक एक्जीविशन रोड में डेंगू अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पहल के निदेशक एवं फिजिशियन डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने डेंगू के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि सजगता बरत कर इस रोग से बचाव संभव है। एडीज मच्छर प्रायः दिन में हीं काटते हैं एवं कंटेनरों में पड़े पानी, कूलर, इनडोर एवं आउटडोर गमला,टूटे एवं पड़े हुए बाल्टी में तेजी पनपते हैं। इस बीमारी में ठंड के साथ तेज बुखार,हड्डियों,जोड़ों में तेज दर्द,भूख कम लगना,मिचली होना इत्यादि है। इस बीमारी में रोगी के शरीर में पानी की कमी नहीं होने देना चाहिए।

**Free Blood Group Testing & Blood Donation Awareness Camp at Hoda Welfare Society, Patna (22nd August 2015):** Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi delivered the lecture on benefits of Blood Donation at Blood Donation Awareness camp. Many people were benefited during the free Blood Group Testing and Blood Donation awareness camp.

DB स्टार PATNA, SUNDAY, 23/08/2015

**संक्रमित हों तो नहीं करें रक्तदान**



डीबी स्टार » पटना

होदा वेलफेयर सोसाइटी ने शनिवार को अयूब गर्ल्स हाई स्कूल लालबाग में निःशुल्क ब्लड जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्घाटन डॉ. दिवाकर तेजस्वी एवं प्राचार्य सबिहा सादिक ने किया। इस अवसर डॉ. तेजस्वी ने छात्रों को रक्तंदान एवं जांच के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शराब पीकर रक्तदान नहीं करना चाहिए। साथ ही हृदय रोगी, किडनी के रोग से पीड़ित व्यक्ति एवं खून में अगर गड़बड़ी हो तो भी रक्तदान नहीं करना चाहिए। उन्होंने रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करते हुए बताया कि बाजार में रक्त बेचना कानूनन जुर्म है। 18 से 58 उम्र तक के स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं। एक वर्ष में दो बार रक्तदान करना चाहिए। गर्भवती महिला, स्तनपान कराने वाली महिला को रक्तदान से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान से शरीर पर किसी भी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। हमें लोगों को रक्तदान के बारे में अधिक से अधिक जागरूक करना चाहिए। मौके पर 176 छात्रों के रक्त की जांच की गयी। इस रक्तदान शिविर में डॉ. नूरूल होदा, डॉ.शंकर कुमार, अमित कुमार जायसवाल, नागेन्द्र कुमार, लव कुमार सिंह, चंदन कुमार, अस्ताब शेख, मो.हिदायतुल्ला, मयंक कुमार, विवेक कुमार, आदि कई अन्य लोग मौजूद थे।

सहारा

पटना। रविवार • 23 अगस्त • 2015

**रक्तदान शिविर**

**पटना।** लालबाग स्थित अयुब उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल में निःशुल्क ब्लड ग्रुप जांच एवं रक्तदान जागरूकता शिविर का उद्घाटन डॉ. दिवाकर तेजस्वी, डॉ नूरूल होदा, डॉ. शंकर कुमार एवं विद्यालय के प्राचार्य सबिहा सादिक ने किया। शिविर में 176 छात्राओं के ब्लड ग्रुप की जांच की गयी। इस मौके पर डॉ दिवाकर तेजस्वी ने रक्तदान करने के लिए छात्राओं एवं शिक्षकों को प्रेरित किया।

प्रभात खबर पटना, रविवार, 23 अगस्त, 2015 www.prabhatkhabar.com

**छात्राओं को किया गया जागरूक**

**पटना.** होदा वेलफेयर सोसाइटी की ओर से शनिवार को अयुब उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल में निःशुल्क ब्लड ग्रुप जांच शिविर का आयोजन किया गया. इसमें डां दिवाकर तेजस्वी ने रक्त दान के बारे में लड़कियों को जानकारी दी गयी. साथ ही 176 लड़कियों का ब्लड ग्रुप की जांच की गयी. उन्होंने लड़कियों को रक्त दान महा दान के बारे में बताया. कहा 18 से 58 उम्र के व्यक्तियों को साल में दो बार रक्त दान करना चाहिए . इससे किसी तरह की शारिरीक कमजोरी नहीं होती है. वह व्यक्ति, जिसका हेमोग्लोबिन की मात्रा 12 से उपर है और 48 किलो वजन है. वे रक्तदान कर सकते हैं. मौके पर स्कूल के प्राचार्य सबिहा सादिक संस्था के अमित कुमार जायसवाल, नागेंद्र कुमार मौजूद थे.

**Free Blood Sugar Testing & Awareness Camp, Patna (25th August 2015):** PAHAL organized free Blood Sugar Testing & Awareness camp at Exhibition Road, Patna. Dr. Diwakar Tejaswi , Medical Director of PAHAL talked about the danger of high blood sugar. He also explained the benefits of controlled BP and blood sugar. About 100 persons were tested in the camp and also free advices were given to the patients.

आज पटना बुधवार, २६ अगस्त, २०१५

## नि:शुल्क मधुमेह जांच शिविर का आयोजन

पटना (आससे)। पहल के तत्वावधान में नि:शुल्क मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डॉ दिवाकर तेजस्वी के क्लिनिक में किया गया। इस अवसर पर 100 लोगों की नि:शुल्क जांच की गयी, जिसमें 15 लोगों में मधुमेह पाया गया। शिविर में डॉ.दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि हमें शारीरिक परिश्रम एवं खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। अगर किसी के परिवार में पहले से मधुमेह हो तो उन्हें ज्यादा सतर्क रहना चाहिए और मधुमेह और रक्तचाप की जांच प्रति माह करानी चाहिए।

DB स्टार PATNA, WEDNESDAY, 26/08/2015

## सौ ने कराई नि:शुल्क जांच




HEALTH CAMP

डीबी स्टार » पटना

पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एप्रोच के तत्वाधान में मंगलवार को नि:शुल्क मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए पहल के निदेशक डॉ.दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि करीबी रिश्तेदारों में मधुमेह की शिकायत है, तो सतर्क रहने की जरूरत है।

डॉ.दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि हमे मधुमेह से बचने के लिए शारीरिक परिश्रम एवं खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इस दौरान 100 लोगों का नि:शुल्क जांच किया गया, जिसमें 15 लोगों में मधुमेह पाया गया।

**Free Hepatitis - C Testing and Awareness Camp, Patna (8th Sept. 2015):** Hepatitis C Testing and awareness camp was organized under the banner of PAHAL at Dr. Diwakar Tejaswi Clinic, Exhibition Road, Patna. Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL talked about the prevention and precaution against Hepatitis. Altogether 55 persons were tested free for Hepatitis C in the camp.

दैनिक भास्कर पटना, बुधवार, 9 सितंबर, 2015

## हेपेटाइटिस बी एवं सी लीवर कैंसर के प्रमुख कारण

**पटना**| पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एप्रोच फॉर लिविंग के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ग्लासगो से लौट आए हैं। डॉ.तेजस्वी वहां प्रथम विश्व हेपेटाइटिस सम्मेलन में भाग लेने गए थे। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस बी के वायरस शरीर के बाहर 7 दिनों तक जीवित रह सकता है। हेपेटाइटिस बी एवं सी लीवर कैंसर का प्रमुख कारण है। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस सी मुक्त करने की दवा आ चुकी है।

**Free Hepatitis –B , Hepatitis- C Testing Camp, Patna (16th Sept. 2015):** Free Hepatitis C Checkup camp was organized under the banner of PAHAL at Exhibition Road, Patna. Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi inaugurated the program and provided the information regarding Hepatitis and about its prevention. Many people were tested for Hepatitis B and Hepatitis – C at the camp. About 100 people were benefited during the camp.

PATNA, THURSDAY, 17/09/2015

## हेपेटाइटिस-बी और सी से लीवर कैंसर



HEALTH CAMP

डीबी स्टार » पटना

**पब्लिक** अवेयरनेस फॉर एप्रोच फॉर लिविंग के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। इस शिविर में हेपेटाइटिस बी एवं सी, हड्डी एवं मोटापे की जांच की गयी। इस शिविर का आयोजन एग्जीबिशन रोड में नीमा पैलेस में किया गया। इस अवसर पर पहल के निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि हेपेटाइटिस बी का वायरस शरीर से बाहर सात दिनों तक जीवित रह सकता है। हेपेटाइटिस बी चार प्रमुख कारणों जैसे असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त का लेन-देन, गर्भवती महिला एवं संक्रमित सूई से हो सकता है। हेपेटाइटिस बी एवं सी लीवर में कैंसर होने का एक प्रमुख कारण है। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस सी से बचाव का अभी तक कोई टीका उपलब्ध नहीं हो सका है। उनका कहना है कि मोटापा से बहुत सी बीमारियों एवं असमय मृत्यु होने का भय बना रहता है। इस शिविर में 100 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

आज पटना गुरुवार, १७ सितम्बर, २०१५

## हेपेटाईटिस- बी एवं सी लीवर कैंसर का मुख्य कारण : डा. तेजस्वी

**पटना ( आससे )।** पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग (पहल) के तत्वावधान में नि:शुल्क हेपेटाईटिस-बी, सी, हड्डी की जांच (बोन मिनरल डेनसीटी) एवं मोआपा (बॉडी मांस इन्डेक्स) जांच शिविर का आयोजन डा. दिवाकर तेजस्वी क्लिनिक में किया। इस अवसर पर 'पहल' के चिकित्सा निदेशक एवं वरिष्ठ फिजिशियन डा. दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि हेपेटाईटिस-बी वायरस शरीर के बाहर ७ दिनों तक जीवित रह सकता है।

उन्होंने बताया कि हेपेटाईटिस- बी चार प्रमुख तरीकों यथा हेपेटाईटिस- बी संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध बनाने पर, संक्रमित रक्त चढ़ने से संक्रमित नीडिल, सिरींज, सुई के चुभने से एवं संक्रमित गर्भवती महिला से उनके होने वाले बच्चे में इसका संक्रमण हो संक्रमण हो सकता है।



हेपेटाईटिस- सी के संबंध में बताया कि संक्रमित सुई एवं निडिल तथा संक्रमित रक्त द्वारा यह फैलता है एवं विशेष कर सुई द्वारा नशा लेने वालों में इसका संक्रमण तेजी से होता है। हेपेटाईटिस बी एवं सी लिवर के कैंसर के प्रमुख कारण है। उन्होंने बताया कि हेपेटाईटिस सी से बचाव का कोई टीका अभी उपलब्ध नहीं हो पाया है लेकिन इससे रोग मुक्त करने की दवा आ चुकी है। यह वायरस शरीर के बाहर तीन सप्ताह तक जीवित रह सकता है।

डा. तेजस्वी ने नि:शुल्क हड्डी की जांच शिविर में बताया कि शरीर के अन्दर कैल्शियम की ९८ प्रतिशत उपस्थिति हड्डियों में रहती है तथा रक्त में यह १० मि.ग्रा. प्रति डे.ली. रहता है। १०० लोगों के हेपेटाईटिस-बी,सी, हड्डी की जांच (बोन मिनरल डेनसीटी) एवं मोटापा (बॉडी मांस इन्डेक्स) की नि:शुल्क जांच की गयी।

**14th Ladly Sharan Memorial Deafness Detection & Hearing Aid Distribution Camp, Patna (29th Sep. 2015):** PAHAL, in collaboration with L. S. Institute of ENT organized "14th Ladly Sharan Memorial Deafness Detection Camp". Director of L S Institute, Dr K. K. Sharan examined the patients. Altogether 83 persons got tested for deafness and out of that 16 underprivileged and needy patients were provided hearing aid free of cost, in presence of medical Director, Dr Diwakar Tejaswi and Advisor, Dr Kiran Sharan.

सहारा पटना । बुधवार • 30 सितम्बर • 2015

## सोलह मरीजों को मिला मुफ्त श्रवण यंत्र

पटना (एसएनबी)। पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग (पहल) और एलएस इंस्टीच्यूट ऑफ ईएनटी के तत्वावधान में मंगलवार को 16 वीं लाडली शरण स्मृति निःशुल्क बहरापन शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 102 गरीब मरीजों का निःशुल्क परिक्षण किया गया। मरीजों की जांच मशीन से की गई। 16 मरीजों को मुफ्त श्रवण यंत्र दिया गया। डॉ. केके शरण ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक वर्ष 29 सितम्बर को किया जाता है। अब तक करीब 265 गरीब मरीजों को श्रवण यंत्र दिये जा चुके हैं, जिसमें पहल का सहयोग उल्लेखनीय है। श्रवण यंत्र डॉ. शरण, डॉ. दिवाकर तेजस्वी, सुधाकर तपस्वी और विभाकर यशस्वी के सौजन्य से दिये गये। डॉ. किरण शरण ने स्व. लाडली शरण के सहयोग, स्नेह और पथ प्रदर्शन की चर्चा की। इस अवसर पर



मरीजों को श्रवण यंत्र देते चिकित्सक ।

दीपिका तेजस्वी, दिवाक्षी तेजस्वी, आनन्द द्विवेदी, डॉ. हिमांशु राय, डॉ. आलोक अभिजित, डॉ. ज्योति रंजन पाण्डेय, राकेश दूबे, संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

आज पटना बुधवार, ३० सितम्बर, २०१५

## निःशुल्क बहरापन शिविर का आयोजन

### 16 मरीजों को दिया गया श्रवण यंत्र

(आज समाचार सेवा)

पटना। पहल एवं एलएस इन्स्टीच्यूट ऑफ इएनटी डॉ केके शरण लेन पटना
द्वारा 16वीं लाडली शरण स्मृति निःशुल्क बहरापन शिविर का आयोजन किया
गया। जिसमें 102 गरीब मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया गया और मरीजों
का मशीन द्वारा जांच की गई एवं निःशुल्क 16 गरीब मरीजों को श्रवण यंत्र दिया
गया। इस अवसर पर डॉ केके शरण ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन
प्रति वर्ष 29 सितम्बर को किया जाता है, जिसमें अबतक 2000 से अधिक गरीब
मरीज लाभान्वित हो चुके है और 265 से उपर मरीजों को श्रवण यंत्र दिया जा
चुका है। पहल की सलाहकार डॉ किरण शरण ने अपने उद्गार प्रकट करते हुए
स्वर्गीय लाडली शरण के द्वारा परिवार के उत्थान, सहयोग और पथ प्रदर्शन की
चर्चा की।

इस अवसर पर पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वीने धन्यवाद
ज्ञापन किया तथा सहयोग के लिए डॉ दीपिका तेजस्वी, दिवाक्षी तेजस्वी, आनंद
द्विवेदी, डॉ हिमांशु राय, डॉ आलोक अभिजित, डॉ ज्योति रंजन पांडये, राकेश
दूबे एवं संतोष कुमार के साथ सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिया।

**Dengue Awareness Program at Exhibition Road Patna (4th Nov. 2015)**

Dengue Awareness program at Dr. Diwakar Tejaswi Clinic Patna. Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi explained about how to prevent disease spread, signs and symptoms of Dengue and Prevention of Dengue in detail.

आज पटना

बुधवार, ४ नवम्बर, २०१५

## डेंगू फीवर से घबराने की आवश्यकता नहीं : डॉ तेजस्वी

पटना ( आससे )। डेंगू फीवर होने से घबराने की आवश्यकता नहीं है। डेंगू फीवर से संक्रमित मात्र पांच प्रतिशत रोगियों को डेंगू हिमोरैजिक फीवर होने की संभावना होती है, जो गंभीर हो सकता हैं लेकिन आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति के कारण इस रोग पर काबू पाया जा सकता है। ये जानकारी मंगलवार को पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वी ने दी। उन्होंने बताया कि सजगता बरतकर इस रोग से बचाव संभव है। डॉ तेजस्वी ने बताया कि एडीज मच्छर प्रायः दिन में ही काटते है एवं कंटेनरों में पड़े साफ पानी यथा कूलर, इनडोर एवं आउटडोर गमला, टूटे एवं पड़े हुए बाल्टी, टंकी, हौज आदि में तेजी से पनपते है। रोगों के लक्षणों की चर्चा करते हुए डॉ तेजस्वी ने बताया कि इस बीमारी में ठंड के साथ तेज आंखों के पीछे वाले भाग में दर्द होना, भूख का कम लगना, पेट में दर्द होना, मिचली होना एवं गंभीर बीमारी में काला पैखाना होना, नाक या मसूड़ों से रक्त का बहना, लाल पेशाब होना आदि शामिल है। इसके उपचार के लिए रोगी के शरीर में पानी की कमी नहीं होने देनी चाहिए तथा इलेक्ट्रो लाईट बैलेंस बनाकर रखना चाहिए। डॉ तेजस्व ने डेंगू से रोकथाम के लिए लोगों को पूरा शरीर ढकने वाला कपड़ा पहनने एवं मच्छरों को खत्म करने और इसे दूर भगाने वाला डीडीटी स्प्रे, क्वाईल, मच्छर भगने की टिकिया आदि प्रयोग करने की सलाह दी।

दैनिक भास्कर

पटना, बुधवार, 4 नवंबर, 2015

## डेंगू के लक्षण, बचाव की जानकारी दी

पटना| डॉ. दिवाकर तेजस्वी की क्लिनिक में मंगलवार को डेंगू से बचाव के लिए जागरुकता कार्यक्रम हुआ। डॉ. तेजस्वी ने कहा कि इस बीमारी में ठंड के साथ तेज बुखार आता है। हड्डियों एवं जोड़ों में तेज दर्द होता है। चेहरे पर लाल चकत्ते पड़ना, भूख का कम लगना, पेट में दर्द होना भी लक्षण है। इसके इलाज में रोगी के शरीर में पानी की कमी नहीं होने देना चाहिए। डेंगू बुखार में प्लेट्सलेट की कमी होती है, लेकिन यह एक हफ्ते में पुनः सामान्य हो जाता है। लक्षण मिले तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने आसपास पानी न जमा होने दें। मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।

**Free Blood Sugar Testing & Awareness Camp, Patna (15th November 2015):**

PAHAL organized free Blood Sugar Testing & Awareness camp at Exhibition Road, Patna. Dr. Diwakar Tejaswi , Medical Director of PAHAL talked about the danger of high blood sugar. He also explained the precaution to control the BP and blood sugar. About 100 persons were tested in the camp and also free advices were given to the patients.

आज, पटना

रविवार, १५ नवम्बर, २०१५

## अनियंत्रित मधुमेह वाले रोगियों में टीबी की आशंका अधिक

( आज समाचार सेवा )

पटना। अनियंत्रित मधुमेह वाले रोगियों में टीबी रोग होने की संभावनाएं अधिक होती है। हमें शारीरिक परिश्रम एवं खान-पान पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है तथा समय-समय पर अपने स्वास्थ्य

**100 लोगों का हुआ निःशुल्क मधुमेह जांच**

की जांच करानी चाहिए। ये बाते पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वी ने विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर निःशुल्क मधुमेह जांच शिविर में कही।

डॉ तेजस्वी ने बताया कि आज देश में लगभग 9 करोड़ से अधिक लोग मधुमेह से पीड़ित है। यदि किसी भी व्यक्ति को कमजोरी लगती है, बार-बार पेशाब होता है, अत्यधिक प्यास लगती हो, पैरो टटैनी होता हो, घाव जल्दी नहीं भरता हो तो उन्हें रक्त में चीनी की जांच अवश्य करा लेनी चाहिए। इस अवसर पर शिशु रोग



विशेषज्ञ डॉ किरण शरण ने बताया कि जिके करीबी रिश्तेदारों जैसे माता-पिता, चाचा, दादी में मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की शिकायत है, उन्हें ज्यादा सतर्क रहने की आवश्यकता है। शिविर में करीब 100 लोगों का निःशुल्क मधुमेह जांच, हेपेटाइटिस-बी एवं सी, हड्डी की जांच एवं मोटापा की निःशुल्क जांच की गई। जिसमें 12 लोगों की मधुमेह की शिकायत एवं पांच लोग हेपेटाईटिस-बी पॉजिटिव से संक्रमित पाये गए।

**<u>Free Vitamin D Testing & Awareness Camp, Patna (27th November 2015):</u>**

**Free** Vitamin D Testing and awareness Camp was organized by PAHAL to make people aware of the symptoms and ill effects caused by Vit D deficiency. He stressed that inadequate Vit D can aggravate Heart and Kidney disease and Diabetes along with other metabolic diseases.

DB Star | PATNA, SATURDAY, 28/11/2015

## विटामिन डी-3 हड्डी की मजबूती के लिए जरूरी: डॉ. तेजस्वी



नि :शुल्क जांच शिविर में मरीजों की जांच करते डॉ. दिवाकर तेजस्वी।

डीबी स्टार » पटना

पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एप्रोच फॉर लिविंग के तत्वावधान में,एग्जिबिशन रोड स्थित नेमा पैलेस में शुक्रवार को निःशुल्क विटामिन ड़ी-3 जांच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ.दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि विटामिन डी हड्डियों एवं दांतों के निर्माण, मजबूती के लिए आवश्यक है। धूप विटामिन डी-3 का प्राकृतिक स्त्रोत है। धूप प्रोविटामिन डी-3 को विटामिन डी-3 में परिवर्तित करता है। इसके अलावा लीवर, मछली के तेल एवं अंडा में भी इसकी प्रचुर मात्रा पाई जाती है। डॉ. तेजस्वी ने बताया कि वयस्कों को प्रतिदिन 100 इंटरनेशनल यूनिट विटामिन डी-3 की आवश्यकता होती है एवं गर्भवती महिलाओं को 400 इंटरनेशनल यूनिट विटामिन डी की आवश्यकता होती है। विटामिन डी-3 की अधिकता होने पर शरीर पर कुप्रभाव डालती है। इसकी अधिकता होने से मिचली, उल्टी, भूख की कमी, अधिक पेशाब होना जैसे लक्षण हो सकते हैं।

साथ ही इसकी कमी होने से वयस्कों में रिकेट्स,हड्डी की कमजोरी, औसटीयासेमलेसिया होता है। इस अवसर पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.किरण शरण ने बच्चों में विटामिन डी-3 के कमी के कारणों एवं उससे उपचार की विस्तृत जानकारी दी। इस जांच शिविर में 25 लोगों के विटामिन डी-3 का जांच की गयी। जिसमें 16 लोगों में डी-3 की कमी पायी गयी।

**<u>WORLD AIDS DAY- Mega HIV/ AIDS Awareness and Testing Camp at Gaighat, Patna (1st Dec. 2015):</u>** On "World AIDS Day", Mega HIV/AIDS Awareness and Testing Camp was organized at Gaighat Crossing, Patna City under the banner of PAHAL. Medical Director PAHAL, Dr Diwakar Tejaswi spoke about the HIV/AIDS in the camp. About 200 persons were freely tested for HIV in the camp.

i next, Patna, 2 December 2015

## एड्स पीड़ितों में टीबी की बीमारी अधिक

» 10-40 प्रतिशत से हो गई है एड्स पीड़ितों की संख्या

patna@inext.co.in

**PATNA CITY (1 Dec):** एचआईवी पीड़ितों में टीवी होने की संभावना अधिक होती है. बिहार में 10 वर्ष पूर्व एड्स पीड़ितों की संख्या 10 प्रतिशत थी जो बढ़कर 40 प्रतिशत से अधिक हो गई है. ये बातें डा. दिवाकर तेजस्वी ने पहल द्वारा गायघाट में विश्व एड्स दिवस पर आयोजित एड्स जांच व बचाव के शिविर में कही.

### ऐसे होता है संक्रमण

डॉ तेजस्वी ने कहा कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से असुरक्षित यौन संबंध बनाने, संक्रमित सूई का प्रयोग करने, संक्रमित खून के शरीर में चढ़ाने से एवं गर्भवती महिला से उसके नवजात में संक्रमण का खतरा रहता है. इससे वजन घटना, कमजोरी, लगातार दस्त, बुखार, ग्रंथियों में सूजन, चमड़े में फुंसियों, भूख न लगना आदि है. उन्होंने करीब 150 लोगों के एड्स की जांच भी की. इस दौरान पवन कुमार साव, अतुल शंकर मिश्रा, मनोज कुमार, निशिथ कुमार, नीरज आदि मौजूद थे.

PIC: I NEXT




मरीज की जांच करते डॉक्टर.

**R. K. Memorial Cancer Awareness Program, Patna (9th Dec. 2015):** PAHAL organized R. K. Memorial Cancer Awareness Camp at Nema Place, Exhibition Road, Patna. Dr Mrs KiranSharan talked about the mouth cancer and its precaution. Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL, explained about the different types of cancer in his speech. They also talked about preventive measures. Many people were benefited in the cancer awareness camp.

दैनिक भास्कर पटना, गुरुवार, 10 दिसंबर, 2015

## गर्भाशय के कैंसर से बचाव के लिए कराएं टीकाकरण

पटना। पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एप्रोच फॉर लिविंग की ओर से 8वां आरके मेमोरियल कैंसर प्रिवेंशन कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम एग्जिबिशन रोड स्थित नीमा पैलेस में हुई। डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि देश में प्रतिदिन दो हजार मौत तंबाकू के सेवन करने वाले लोगों की होती है। डॉ.किरण शरण ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पेपिलोमा वायरस से होता है जो गर्भाश्य को संक्रमित करता



है। एक आसान जांच पेप इस्मियर टेस्ट से शुरुआती चरणों में ही सर्वाइकल कैंसर का पता चल जाता है। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण उपलब्ध हो गया है। यह टीका 13-45 साल तक की महिलाओं को दिया जा सकता हैं। रजनीश शरण ने तंबाकू छोड़ने के लिए युवाओं को प्रेरित करते हुए अपील की कि तंबाकू छोड़ें और जीवन को अपनाएं। आप युवा हैं एक बार निश्चय कर लिया कि तंबाकू छोड़ देना है तो यह लत छूट जाएगी। इस मौके पर करुणा शरण ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम के आयोजन में नंदनी शरण, पवन कुमार साव, सुमन कुमार, मनोज कुमार, नीरज कुमार की भूमिका सराहनीय रहीं।

**PAHAL Gyanshree Scholarship Scheme, Patna (12th Dec. 2015):** PAHAL provided scholarship to the AIDS orphans and other disadvantaged section students under its "Gyanshree Scholarship Scheme" Program. 16 students along with three children whose parents died of AIDS were getting scholarship to continue their studies.

राष्ट्रीय सहारा पटना। रविवार • 13 दिसम्बर • 2015

## अनाथ बच्चों को 'पहल ज्ञानश्री' छात्रवृत्ति

पटना (एसएनबी)। पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एप्रोच फॉर लिविंग (पहल) के चिकित्सा निदेशक एवं वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. दिवाकर तेजस्वी द्वारा छपरा जिले के चड़वा गांव के रहने वाले चार अनाथ बच्चों की पढ़ाई के लिए शनिवार को 'पहल ज्ञानश्री' छात्रवृत्ति प्रदान किया एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों से ऐसे अनाथ बच्चों के भरण-पोषण एवं पढ़ाई-लिखाई के लिए यथासंभव मदद करने की अपील की। उन्होंने बताया कि छपरा जिले के चड़वा निवासी मुख्तार यादव एवं उनकी पत्नी रामपति देवी की मौत एड्स के कारण करीब नौ वर्ष पहले हो गयी थी। इस कारण उनके चार बच्चे बबीता, सुनीता, पिंटू एवं संतु अनाथ हो गये हैं। उन्होंने बताया कि बबीता की शादी में भी सहयोग प्रदान किया गया।

**Free Blood Sugar BMI,BMD, Hepatitis –B and Hepatitis – C Testing & Awareness Camp, Patna (16th December 2015):** PAHAL organized free Blood Sugar , BMI,BMD, Hepatitis-B, Hepatitis – C Testing & Awareness camp at Exhibition Road, Patna. Dr. Diwakar Tejaswi , Medical Director of PAHAL talked about the dangers of high blood sugar. He also explained the precautions to control the BP and blood sugar. About 100 persons were tested in the camp and also free advices were given to the patients.

दैनिक भास्कर पटना, गुरुवार, 17 दिसंबर, 2015

**'अनियंत्रित मधुमेह वाले रोगियों में टीबी होने की आशंका अधिक'**

पटना | पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एप्रोच फॉर लिविंग द्वारा कंकड़बाग के एमआईजी 160 में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें हेपेटाइटिस बी व सी, हड्डी और मोटापा की जांच की गई। मौके पर डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि अनियंत्रित मधुमेह वाले रोगियों में टीबी होने की आशंका अधिक होती है। हमें शारीरिक परिश्रम और खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। समय-समय पर जांच कराते रहना चाहिए। हेपेटाइटिस बी का वायरस शरीर के बाहर भी सात दिनों तक जीवित रह सकता है। भारत में सात करोड़ से अधिक लोग मधुमेह से ग्रसित हैं। किडनी रोग का प्रमुख कारण अनियंत्रित मधुमेह ही है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. किरण शरण ने बताया कि जिनके करीबी रिश्तेदारों को मधुमेह या उच्च रक्तचाप की शिकायत है, उन्हें ज्यादा सतर्क रहने की आवश्यकता है। शिविर में 100 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इनमें 12 लोगों में मधुमेह और 5 में हेपेटाइटिस बी की शिकायत पाई गई। 10 लोगों में मोटापे की शिकायत, जबकि 20 लोगों में हड्डियों का घनत्व कम पाया गया।

**Free Hepatitis - C Testing and Awareness Camp, Patna (21st Dec. 2015):** Hepatitis C Testing and awareness camp was organized under the banner of PAHAL at Dr. Diwakar Tejaswi Clinic, Exhibition Road, Patna. Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL talked about the prevention and precaution of Hepatitis. Altogether 55 persons were tested free for Hepatitis C in the camp.

दैनिक भास्कर

पटना, मंगलवार, 22 दिसंबर, 2015

**हेपटाइटिस सी का पूर्ण इलाज संभव : डॉ. तेजस्वी**

पटना। नई दिल्ली में हेपटाइटिस सी पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन से लौटकर पहल के निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि हेपटाइटिस सी का पूर्ण इलाज संभव है। उन्होंने बताया कि हेपटाइटिस सी के वायरस से लीवर के साथ-साथ रक्त की नलियों में भी सूजन पहुंचता है। साथ ही इस वायरस का असर मधुमेह एवं हर्ट एवं किडनी पर भी पड़ता है।

प्रभात खबर पटना, मंगलवार, 22 दिसंबर, 2015
www.prabhatkhabar.com

स्वास्थ्य

**■ हेपेटाइटिस-सी का इलाज संभव : डॉ. दिवाकर तेजस्वी**

: **पटना.** इन दिनों हेपेटाइटिस की बीमारी तेजी से बढ़ रही है, सही मायने में इलाज नहीं होने के चलते मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. लेकिन अब हेपेटाइटिस सी का इलाज संभव है. यह कहना है पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग (पहल) संस्था के निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी का. नयी दिल्ली में आयोजित हेपोटाइटिस सी के इंटरनेशनल कार्यक्रम से लौटे डॉ. तेजस्वी ने कहा कि इस बीमारी के चलते वायरस लिवर के साथ ब्लड की नलियों में भी सूजन पहुंचाता है, इससे मधुमेह एवं ह्दय व किडनी पर भी पड़ता है. हालांकि अब हेपोटाइटिस का इलाज संभव है, उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस-सी से बचाव के लिए मार्केट में तीन नयी जेनेरिक दवा, सोफोसबुवीर, लेडिपासवीर व डाकलाटासवीर आयी हैं.

**Free Hepatitis –B , Hepatitis- C Testing Camp, Patna (16th January 2015):** Free Hepatitis B and Hepatitis-C Checkup camp was organized under the banner of PAHAL at Exhibition Road, Patna. Medical Director of PAHAL Dr Diwakar Tejaswi inaugurated the program and provide the information regarding Hepatitis and its prevention. People were tested for Hepatitis B and Hepatitis – C at the camp. About 110 people were benefited during the camp.



प्रभात खबर पटना, रविवार, 17 जनवरी, 2016 www.prabhatkhabar.com

**हेपेटाइटिस बी कैंसर का बड़ा कारण**

**पटना.** बिहार सहित पूरे भारत में हेपेटाइटिस बी व सी के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं. इसका मुख्य कारण लोगों में इस बीमारी के प्रति जागरूकता का अभाव है. ये बातें डॉ दिवाकर तेजस्वी ने शनिवार को पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग (पहल) की ओर से आयोजित शिविर में कहीं. कंकड़बाग के लोहिया नगर में आयोजित इस कैंप में काफी संख्या में लोगों ने हेपेटाइटिस बी, सी व हड्डी की जांच करायी. डॉ तेजस्वी ने कहा कि हेपेटाइटिस बी से कैंसर के मरीज होने का खतरा बना रहता है. कई बार जांच में इस बात का खुलासा हो चुका है. मौके पर पहल के आला सदस्य मौजूद थे.

**Free Health Awareness Prog. (22 January 2015):** Free Health Awareness camp was organized under the banner of PAHAL at Exhibition Road, Patna. Dr Tejaswi told about the precautions to be taken to prevent cold exposure related disease.

Many people were benefited in the awareness camp.



दैनिक भास्कर पटना, शनिवार, 23 जनवरी, 2016

**ठंड में बच्चों, बुजुर्गों की सेहत का रखें ख्याल : डॉ. तेजस्वी**

**पटना** | पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एप्रोच फॉर लिविंग की ओर से ठंड के स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने ठंड में बच्चों एवं बुजुर्गों, ब्लड प्रेशर एवं दिल के मरीजों को ठंड से बचने के लिए विशेष सलाह दी। उन्होंने बताया कि ठंड में धमनियां सिकुड़ जाती हैं, जिस वजह से रक्तचाप बढ़ जाता है। नाक से खून आ सकता है एवं ब्रेन हेमरेज भी हो सकता है। इस मौके पर पहल के पवन कुमार साव, सुमन कुमार, नीरज कुमार समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

**Cancer Awareness Program, Patna (4th Feb. 2016):** PAHAL organized Cancer Awareness Camp at Nema Place, Exhibition Road, Patna. Dr Kiran Sharan, Child Specialist, talked about the cervical cancer and mouth cancer and its precaution. Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL, explained the different kind of cancer in his speech. They also talked about preventive measures. Many people were benefited in the awareness camp.

आज पटना

शुक्रवार, ५ फरवरी, २०१६

## गर्भाशय के मुंह के कैंसर से बचाव के लिए लगावायें टीका : डॉ. तेजस्वी

पटना ( आससे )। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग के चिकित्सा निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वी ने कैंसर जागरूकता शिविर में बताया कि आत कम उम्र के लोगों में भी विभिन्न अंगों के कैंसर के दर में बढ़ोत्तरी चिंता का विषय बनता जा रहा है। इसके लिए कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों के बारे में जन जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। डॉ तेजस्वी ने कैंसर के शरूआती लक्षणों के बारे में बताया कि यदि कोई घाव नहीं भर रहा हो, कही असामान्य रक्तस्राव या उत्सर्जन हो रहा हो, स्तन में कही गांठ हो या स्तन का अग्रभाग भीतर की ओर धंसा हो, खाना या पानी निगलनें में परेशानी हो, पाचन प्रक्रिया या मूत्र विसर्जन में बार-बार कठिनाई हो, लम्बे समय की खरासयुक्त खांसी या आवाज में भारीपन हो, मस्से या तिल का आकार अचानक बढ़ने लगे एंव गर्भाशय के मुंह से रक्तमिश्रित स्राव हो तो ये सब कैंसर के प्रारंभिक लक्षण हो सकते है। उन्होंने बताया कि ऐसे किसी भी लक्षण के पाये जाने पर तत्काल चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए, क्योंकि कैंसर उपचार योग्य होता है। यदि प्रारंभिक अवस्था में इसकी जानकारी हो जाए। डॉ तेजस्वी ने बताया कि महिलाओं में सरवाइकल कैंसर से बचाव का अब टीका भी उपलब्ध हो चुका है।

सहारा

पटना। शुक्रवार • 5 फरवरी • 2016

## गर्भाशय के मुंह का कैंसर से बचाव में सहायक है टीका

पटना। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग (पहल) की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने शिविर में मौजूद लोगों को कैंसर के प्रारंभिक लक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि महिलाओं में सरवाइकल कैंसर एक गंभीर समस्या है जिससे बचाव के लिए अब टीका भी उपलब्ध हो चुका है। यह टीका तेरह वर्ष से 42 वर्ष तक की महिलाओं को लगाया जा सकता है।

**PAHAL Gyanshree Scholarship Scheme, Patna (4th March 2016):** PAHAL provided scholarship to the AIDS orphans under its "Gyanshree Scholarship Scheme" Program. Three children whose parents died of AIDS were getting scholarship to continue their studies.

THE TELEGRAPH SATURDAY 5 MARCH 2016

Dr Diwakar Tejaswi supports children of AIDS victims

## Physician heals beyond call of duty



Diwakar Tejaswi interacts with family members of the couple at his clinic in Patna on Friday. Picture by Jai Prakash

SHUCHISMITA CHAKRABORTY

The Hippocratic oath makes doctors swear to heal patients, and a city physician has taken the oath beyond the literal to shoulder the responsibility of a family ravaged by AIDS.

Dr Diwakar Tejaswi (46) has been looking after the four children of a couple who died of AIDS around a decade ago.

He provided financial help for the marriage of the eldest of the siblings and provides monthly assistance to fund the education of the remaining three. All four are children of Mukhtar Yadav, a resident of Charwa village in Saran district around 70km northwest of Patna, who died in 2005. Mukhtar's wife, Ramapati Devi, succumbed to the disease two years later, leaving her four children and mother-in-law Chanu Kunwar.

Diwakar started providing a scholarship of Rs 500 to each of the four children right after Mukhtar's death.

According to Chanu (75), her daughter-in-law Ramapati Devi had contacted the doctor right after her husband died.

Narrating how the family got help, Chanu said: "Mukhtar was undergoing treatment under Diwakar. My daughter-in-law contacted the doctor after my son's death, when everybody in our village started treating our family members as untouchables. The villagers thought that AIDS was an infectious disease. Tejaswi came to the village just after one phone call. To clear people's misconceptions, he ate a biscuit first tasted by Ramapati. The villagers' perception changed."

"I will forever remain indebted to the doctor," said Chanu.

Tejaswi said: "I thought of helping the family as I had seen the sufferings of AIDS patients in Ethiopia between 1998 and 2000."

He added: "When I came back to Patna in 2000, even doctors used to run away whenever any AIDS patient visited their clinic. The situation has now improved a lot but discrimination against AIDS patients remains. If people like me come forward for such a cause, it would influence others to follow suit."

i next, Patna, 5 March 2016

## अनाथ को मिली पहल ज्ञानश्री छात्रवृति योजना

PATNA: पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल अप्रोच फॉर लिविंग पहल के चिकित्सा निदेशक व सीनियर फिजिशियन डॉ दिवाकर तेजस्वी द्वारा छपरा जिला स्थित चडवां गांव के तीन अनाथ बच्चों को उनकी पढ़ाई-लिखाई चालू रखने के लिए पहल ज्ञानश्री छात्रवृत्ति दी गई. इसमें गीता कुमारी, मंटू कुमार और विजय कुमार (सभी बदला हुआ नाम) शामिल हैं. जानकारी हो कि इनके पिता मुख्तार यादव व माता रामपति देवी का देहांत एड्स की बीमारी से हो गया था. वर्तमान समय में ये सभी अपनी दादी के साथ रहते हैं. इससे पहले पहल व नव जीवन कल्याण समिति द्वारा स्वर्गीय मुख्तार यादव व रमापति देवी की बड़ी बेटी बबीता कुमारी की शादी भी करवायी गई थी. जिम्मेवारी डॉ दिवाकर तेजस्वी और आनंद द्विवेदी ने किया था.

दैनिक भास्कर पटना, शनिवार, 5 मार्च, 2016

## छपरा के चड़वां गांव में अनाथ बच्चों को दी गई छात्रवृत्ति

पटना | पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थ फुल एप्रोच के निदेशक डॉ.दिवाकर तेजस्वी ने छपरा जिला स्थित चड़वां गांव के तीन अनाथ बच्चों को उनकी पढ़ाई के लिए पहल ज्ञानश्री छात्रवृत्ति प्रदान दीं। डॉ.तेजस्वी ने कहा कि अनाथ बच्चों के भरण-पोषण एवं पढ़ाई में किसी प्रकार की रुकावट ना हो इसके लिए यथासंभव समाज को भी मदद करनी चाहिए।

**Free Thyroid, Blood Sugar Testing & Awareness Camp, Patna (13th March 2016):** PAHAL organized free Thyroid , Blood Sugar Testing & Awareness camp at Exhibition Road, Patna. Dr. Diwakar Tejaswi , Medical Director of PAHAL talked about the danger of high blood sugar. He also explained the precaution to control the BP and blood sugar. About 75 persons were tested in the camp and also free advices were given to the patients.

i next, Patna, 13 March 2016

**महिलाओं को थायरायड का खतरा अधिक, सावधानी जरूरी : डॉ दिवाकर तेजस्वी**

**PATNA (12March):** कंकडबाग स्थित श्री अनुकूल चन्द्र महाराज मंदिर में लगाये गए थाईसइड जांच शिविर में पहल के चिकित्सा निदेशक एंव वरीय फिजिसियन डॉ दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि थायरायड एवं अनकंट्रोल डायबिटिज असमय मृत्यु का महत्वपूर्ण कारण है. दोनों साइलेंट किलर के रूप में जाने जाते हैं. थाइरायड में थकान, कमजोरी, मोटापा, बाल, हाथ एवं पैर ठंडा रहना, त्वचा सुखना आदि जैसी समस्याएं होती है. महिलाओं में यह बहुत तेजी से बढ़ रहा है और यह बांझपन का भी एक प्रमुख कारण है. उन्हें इस बीमारी का ज्यादा असर होता है.

आज पटना रविवार, १३ मार्च, २०१६

**थायराइड व मधुमेह साइलेंट किलर : डा. तेजस्वी**

पटना ( आससे )। अनुकूल चन्द्र महाराज मंदिर परिसर, कंकड़बाग में थाईराइड जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहले के चिकित्सा निदेशक डा. दिवाकर तेजस्वी ने कहा आज के दौर में थाईराइड एवं अनियंत्रित मधुमेह असमय मृत्यु का मुख्य कारण साबित हो रहा है। दोनो साइलेंट किलर है। उन्होंने बताया कि मानव शरीर के गले में पायी जाने वाली थाइराइड ग्रंथि मेटाबॉलिज्म की गत को नियंत्रित करती है। थाईराइड हारमोन की कमी के कारण थकान, कमजोरी, मोटापा, बाल झरना,हाथ-पैर ठण्डे रहना, कब्ज रहना, त्वचा सुखना एवं यादाश्त कमजोर होने से लेकर रोग प्रतिरोध की श्रमता घटने लगती है। उन्होंने बताया कि भारत में ४ करोड़ से भी ज्यादा लोग थाईराइड की बीमारी से पीड़ित हैं। महिलाओं मे यह तेजी से बढ़ रहा है।

**Free Chicken Pox Awareness Programme (15 Feb. 2016):** Free Chicken Pox Awareness camp was organized under the banner of PAHAL at Exhibition Road, Patna. Many people were benefited in the awareness camp.

THE TELEGRAPH TUESDAY 15 MARCH 2016

**Awareness**

**Patna:** Addressing a seminar on Monday, Diwakar Tejaswi, the medical director of Public Awareness for Healthful Approach for Living (PAHAL), cited fever, palpitation, pain and blistering red spots as some of the symptoms of chicken pox. He further stated such patients should be kept in seclusion and be provided anti-allergic medicines.

सहारा पटना। मंगलवार • 15 मार्च • 2016

**चिकेनपॉक्स का बढ़ा प्रकोप**

**पटना (एसएनबी)।** बदलते मौसम में चिकेन पॉक्स का प्रकोप बढ़ रहा है। बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में इसकी तीव्रता अधिक होती है। 'पहल' के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि चिकेन पॉक्स से बचाव के लिए टीके लगवाना जरूरी है। डॉ. तेजस्वी ने बताया कि चिकेन पॉक्स वेरिसेला जोस्टर विषाणु द्वारा फैलने वाला एक तीव्र संक्रामक रोग है। बुखार, घबराहट, दर्द एवं संक्रमण के चौबीस घंटे के अंदर शरीर पर फफोले युक्त ददोरे का निकलना चिकेन पॉक्स का लक्षण है। इसका वायरस नाक तथा गले के स्त्राव एवं त्वचा के ददोरे तथा रक्त में रहता है। रोगी ददोरे निकलने के एक दो दिन पहले से लेकर चार पांच दिन बाद तक इस रोग का संक्रमण दूसरे को फैला सकता है। इसलिए इस दौरान रोगी को लगभग एक सप्ताह तक अलग रखना चाहिए। इसके उपचार के लिए एंटी वायरल दवा, एंटी एलर्जिक दवा, ददोरे के जलन को कम करने के लिए कालामाइन लोशन, ददोरे पर किसी अन्य बैक्टीरियल संक्रमण से बचाने के लिए एंटीबायोटिक का सेवन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि ददोरे को नाखून से खुजलाना नहीं चाहिए अन्यथा इससे दाग रह जाएगा।

दैनिक भास्कर पटना, मंगलवार, 15 मार्च, 2016

**चिकेन पॉक्स से बचने के लिए लें टीका**

**पटना** | पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि चिकेन पॉक्स वेरिसेला जोस्टर विषाणु द्वारा फैलने वाला एक तीव्र संक्रामक रोग है। इसके लक्षण में बुखार, घबराहट, दर्द और संक्रमण के 24 घंटे के अंदर फफोले का निकलना है। संक्रमण का स्रोत चिकेन पॉक्स रोग से संक्रमित व्यक्ति होता है। इसके उपचार के लिए एंटी वायरल दवा, एंटी एलर्जिक दवा, लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चिकेन पॉक्स से बचने के लिए प्रभावी टीका उपलब्ध है, जिसे बच्चों और वयस्कों को समय पर ले लेना चाहिए। बच्चों की अपेक्षा गर्भवती महिलाओं व वयस्कों में इस बीमारी की तीव्रता अधिक होती है।

**Free Bone Mineral Density (BMD) and Body Mass Index (BMI) Testing Camp, Patna (16th March 2016):** Rotary Patliputra in collaboration with PAHAL organized free BMD and BMI camp at MIG 160, Lohiya nagar , Kankarbagh Road, Patna. Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL, in his awareness speech explained the different bone related issue caused due to deficiency of calcium and also how obesity is becoming threat to life. About 95 persons were tested in the camp.

राष्ट्रीय सहारा पटना। बृहस्पतिवार • 17 मार्च • 2016

## 'अनेक बीमारियों का प्रमुख कारण है मोटापा'

**पटना (एसएनबी)।** रोटरी पाटलिपुत्रा एवं पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एप्रोच फॉर लिविंग (पहल) के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क हेपेटाइटिस बी, सी, हड्डी की जांच (बोन मिनरल डेनसिटी) एवं मोटापा (बॉडी मॉस इंडेक्स) जांच शिविर का आयोजन डॉ. दिवाकर तेजस्वी के क्लीनिक, कंकड़बाग में किया गया। शिविर का उद्घाटन रोटरी पाटलिपुत्रा के अध्यक्ष सच्चिदानंद एवं सुबोध जैन ने किया।

■ निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में सौ लोगों ने करायी जांच

इस मौके पर वरिष्ठ फिजिशियन एवं पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि हेपेटाइटिस-बी का संक्रमण चार प्रमुख तरीकों यथा हेपेटाइटिस-बी संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध बनाने, संक्रमित रक्त चढ़ाने, संक्रमित निडिल, सिरिंज, सूई के प्रयोग एवं संक्रमित गर्भवती महिला से उनके होने वाले बच्चे में हो सकता है। हेपेटाइटिस-बी व सी लीवर के कैंसर का प्रमुख कारण है। हेपेटाइटिस-सी से बचाव का कोई टीका अभी उपलब्ध नहीं है लेकिन इससे रोग मुक्त करने की दवा आ चुकी है। यह वायरस शरीर के बाहर तीन सप्ताह तक जीवित रह सकता है। मोटापा के बारे में उन्होंने बताया कि मोटापा अनेक बीमारियों एवं असमय मृत्यु का प्रमुख कारण है। शिविर में करीब सौ लोगों ने हेपेटाइटिस-बी, सी, हड्डी की जांच (बोन मिनरल डेनसिटी) एवं मोटापा (बॉडी मॉस इंडेक्स) का निःशुल्क जांच कराया।

दैनिक भास्कर पटना, गुरुवार, 17 मार्च, 2016

## रोटरी पाटलिपुत्र ने लगाया जांच शिविर



**पटना |** रोटरी पाटलिपुत्र और पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एप्रोच की ओर से निःशुल्क हेपेटाइटिस जांच शिविर का आयोजन एमआईजी कॉलोनी 160, लोहिया नगर में हुआ। उद्घाटन सच्चिदानंद और सुबोध जैन ने किया। मौके पर डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि मोटापा कई बीमारियों और असमय मृत्यु का कारण बन जाता है। इससे मधुमेह व ब्लड प्रेशर होने की आशंका भी बनी रहती है। इसलिए वजन को नियंत्रण में रखें। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस बी व सी लीवर कैंसर का प्रमुख कारण है। शिविर में 100 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

**On Eve of World TB Day: TB Awareness Camp at Patna (22nd March 2016):** TB Awareness Camp organized under the banner of PAHAL . Medical Director Pahal Dr. Diwakar Tejaswi , delivered elaborative informative lecture on TB.

हिन्दुस्तान

पटना • बुधवार • 23 मार्च 2016

## यक्ष्मा जागरूकता रैली निकाली गई

**पटना।** विश्व यक्ष्मा दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार को पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एप्रोच फॉर लिविंग (पहल) ने जागरूकता रैली निकाली।

करगिल चौक पर आयोजित रैली में पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि बिहार में पांच में से दो व्यक्ति टीबी के कीटाणु से संक्रमित हैं। भारतवर्ष में रोज पांच हजार लोग टीबी के कीटाणु के शिकार हो रहे हैं। फेफड़ों की टीबी से संक्रमित एक व्यक्ति एक साल में 10 से 15 लोगों को संक्रमित कर सकता है। डॉ. तेजस्वी ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को दो हफ्ते से ज्यादा से खांसी हो, सीने में दर्द व बलगम से खून आता हो तो उसे सावधान हो जाना हो जाना चाहिए। इसके साथ यदि शाम में हल्का बुखार आता हो, कमजोरी हो और वजन कम हो रहा हो तो ये टीबी के लक्षण हो सकते हैं। ऐसे लोगों को निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र से बलगम की जांच करा लेनी चाहिए।

दैनिक भास्कर PATNA, WEDNESDAY, 23/03/2016

सेहत — यक्ष्मा दिवस की पूर्व संध्या पर जागरुकता रैली का आयोजन

## बिहार के 10 में चार लोगों को टीबी एक से 15 को संक्रमण की आशंका

डीबी स्टार • पटना

पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एप्रोच फॉर लिविंग एवं कैडिला की ओर से विश्व यक्षमा दिवस की पूर्व संध्या पर जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। मौके पर डॉ.दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि बिहार में 5 में 2 व्यक्ति टीबी से ग्रसित है। टीबी से संक्रमित एक व्यक्ति एक साल में 10 से 15 लोग को संक्रमित कर सकता है। उन्होंने कहा कि टीबी के रोगी को टीबी कि पूरी दवा 6 से 9 महीने तक लगातार लेनी चाहिए। दवा के कोर्स को बीच में नहीं छोड़ना चाहिए। विश्व में टीबी के मरीज सबसे अधिक भारत में है। उन्होंने कहा कि अनियंत्रित मधुमेह वाले रोगियों मे टीबी होने कि आशंका अधिक होती है। हमें शारीरिक परिश्रम एवं खान-पान पर विशेष ध्यान रखने कि आवश्यकता है। तथा समय-समय पर अपने स्वास्थ्य कि जांच करवाते रहना चाहिए। इस अवसर पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.किरण शरण ने भी टीबी के बारे में अपने विचार रखें। मौके पर संतोष कुमार सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।



**HIV/AIDS Awareness Camp for Scouts and Guides at Patna (29th March 2016):** HIV/AIDS Awareness Camp for Scouts and Guides was organized under the banner of PAHAL . Medical Director Pahal Dr. Diwakar Tejaswi , delivered informative lecture on HIV/AIDS. Many queries of Scouts and Guides were answered by Dr Tejaswi.

THE TELEGRAPH WEDNESDAY 30 MARCH 2016

**Health camp**

Public Awareness for Healthful Approach

Tejaswi said using condoms, taking blood from licensed blood banks and ensuring use of fresh needles during medical procedures is advisable to not get affected by HIV. "Vaccine for Hepatitis B is available in the market. People should get themselves vaccinated against the disease," said Tejaswi.

*ROSHAN KUMAR AND SHUCHISMITA CHAKRABORTY*



**Students take part in the HIV awareness programme on Tuesday.** Picture by Jai Prakash

आज पटना बुधवार, ३० मार्च, २०१६

**बिहार में डेढ़ लाख लोग एचआईवी संक्रमित : डॉ. तेजस्वी**

**पटना ( आससे )।** बिहार में डेढ़ लाख के लगभग लोग एचआईवी संक्रमित है, जिसमें से मात्र 75 हजार के लगभग ही चिन्हित हो पाये है। आज से 10 वर्ष पहले कुल एड्स रोगियों में महिलाओं की प्रतिशतता 15 से 20 प्रतिशत के लगभग थी, जो आज बढ़कर करीब 40 प्रतिशत से उपर हो चुकी है। यह जानकारी डॉ



दिवाकर तेजस्वी ने मंगलवार को बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड कार्यालय बुद्ध मार्ग पटना में एड्स जागरूकता कार्यक्रम में दी। उन्होंने स्काउट और गाइड के कैडेटों को संबोधित करते हुए एड्स के बारे में इस बीमारी के लक्षण एवं बचाव के बारे में जानकारी दी। साथ ही लोगों में इस बीमारी के बावत फैली भ्रान्तियों को भी दूर किया। उन्होंने एड्स के कारण, लक्षण एवं बचाव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एचआईवी के फैलने का मुख्य कारण एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से असूरक्षित यौन संबंध बनाने से, संक्रमित सूई का प्रयोग करने से, एचआईवी संक्रमित खून के शरीर में चढ़ाये जाने से एवं एचआईवी संक्रमित गर्भवती महिला से उसके नवजात शिशुओं में संक्रमण का खतरा रहता है।